mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-28 अंक-315 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

रीवा

16 नवंबर 2024 शनिवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

रीवा, सतना से एक साथ प्रकाशित



गौतम गंभीर के...

@ पेज 7

## संक्षिप्त समाचार

### वायनाड लैंडस्लाइड नहीं घोषित होगी राष्ट्रीय आपदा

**केंद्र का इनकार**

**नई दिल्ली/वायनाड (एजेंसी)।** केंद्र ने वायनाड लैंडस्लाइड को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने से इनकार कर दिया है। इसको लेकर 10 नवंबर को गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने केरल सरकार को लेटर लिखा। इसमें उन्होंने कहा कि मौजूदा दिशा-निर्देशों के तहत किसी भी आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने का कोई प्रावधान




नहीं है। अगस्त में राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर वायनाड लैंडस्लाइड को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग की थी। इसके अलावा राहुल गांधी ने भी 7 अगस्त को लोकसभा में यही मांग की थी। दरअसल, वायनाड में 29 जुलाई की रात करीब 2 बजे गांवों में लैंडस्लाइड हुए थे।

### हम बंटे थे इसलिए तो पाक और बांग्लादेश बना: योगी

**एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे**

**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी विधानसभा चुनाव की वोटिंग में अब सिर्फ 5 दिन बचे हैं। सीएम योगी ने गुरुवार को झारखंड में बटेंगे तो कटेंगे बयान दोहराया। कहा- बंटे तो कांग्रेस, झामुमो व राजद जाति के नाम पर मुंडा को संथाल, पासवान को मुसहर से लड़ाएगी। हम बंटे थे



तो पाकिस्तान व बांग्लादेश बन गया। इसलिए एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे। योगी ने कहा- हम छेड़ेंगे नहीं, पर छेड़ोगे तो छोड़ेंगे नहीं। ये लोग बेटी की इज्जत के साथ खिलवाड़ करेंगे। आपके रोजगार पर डाका डालकर रोटी की समस्या खड़ी करेंगे। लव जिहाद से आपकी जमीन पर कब्जा करेंगे। हम हरगिज यह सब नहीं होने देंगे। ये सभी एक ही थाली के चट्टे-बट्टे हैं। इधर, चुनाव आयोग को पत्र लिखकर सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाए।

### महाराष्ट्र के हिंगोली में अमित शाह के बैग की जांच

**इलेक्शन कमीशन के अधिकारियों ने की चेकिंग**

हिंगोली (एजेंसी)। महाराष्ट्र के हिंगोली में इलेक्शन कमीशन अधिकारियों ने गृह मंत्री अमित शाह के बैग की जांच की। यह घटना उद्धव ठाकरे के बैग



की जांच को लेकर उठे राजनीतिक विवाद के बीच हुई है। उद्धव ठाकरे के बैग की सोमवार को यवतमाल जिले में और मंगलवार को लातूर में दो बार जांच की गई थी। अमित शाह एक्स पर वीडियो शेयर करते हुए इसकी जानकारी दी। उन्होंने वीडियो शेयर करते हुए इसका जिक्र किया।

# पीओके में नहीं जाएगी ट्रॉफी...आईसीसी का इनकार

**टूर्नामेंट से पहले पाकिस्तान को बड़ा झटका, भारत का दिखा पावर**

**आईसीसी ने पीओके के तीन शहरों में ट्रॉफी ले जाने से किया मना**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चैंपियंस ट्रॉफी पाकिस्तान में आयोजित की जाएगी या नहीं अभी इस बात पर विवाद है, जबकि दूसरी ओर पाकिस्तान ने पूरे देश में ट्रॉफी घुमाने का ऐलान कर दिया था। इस पर अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) एक्शन लेते हुए उसे पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर यानी पीओके के तीन शहरों में ट्रॉफी ले जाने से मना कर दिया है। बता दें कि भारत ने टीम को चैंपियंस ट्रॉफी खेलने के लिए पाकिस्तान भेजने से मना कर दिया है। इसके बाद माना जा रहा है कि अगर पाकिस्तान तैयार होता है तो टूर्नामेंट हाईब्रिड मॉडल से खेला जाएगा, यानी भारत के सभी मैच पाकिस्तान से बाहर होंगे, जबकि फाइनल भी पाकिस्तान में नहीं खेला जाएगा। इस बीच पाकिस्तान ने एक दिन पहले ही ट्रॉफी अपने देश में घुमाने का ऐलान किया था। इस पर आईसीसी हरकत में आ गई है। दूसरी ओर, आईसीसी ने




अभी चैंपियंस ट्रॉफी के अंतिम कार्यक्रम की घोषणा नहीं की है, लेकिन उसने 16 नवंबर से शुरू होने वाले देश के दौरे के लिए ट्रॉफी पाकिस्तान भेजी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के एक अधिकारी के अनुसार ट्रॉफी का दौरा उत्तरी पाकिस्तान के स्कार्दू से शुरू होगा। अधिकारी ने कहा, 'यह दौरा उन प्रमुख पाकिस्तानी शहरों से होकर गुजरेगा जहां चैंपियंस ट्रॉफी के मैच खेले जाने हैं।' ट्रॉफी ऐसे समय में पहुंची है जब आईसीसी ने भारत द्वारा टूर्नामेंट के लिए देश की यात्रा करने से इनकार करने के बाद 'हाइब्रिड मॉडल' में प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की मेजबानी करने पर पीसीबी से जवाब मांगा है। ट्रॉफी का अनावरण इस महीने की शुरुआत में लाहौर में होना था। लेकिन भारत के आईसीसी को सूचित किए जाने के बाद कि वह अपनी टीम पाकिस्तान नहीं भेजेगा और शहर में धुंध की स्थिति के कारण यह समारोह स्थगित कर दिया गया।

**प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार को फिर दी**

# करोड़ों के प्रोजेक्ट की बड़ी 'सौगात'

- जनजातीय गौरव कार्यक्रम में हुए शामिल, की 6 हजार 640 करोड़ के प्रोजेक्ट्स की शुरुआत




**जमुई (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी तीन दिन में दूसरी बार बिहार आए। जमुई के बल्लोपुर में शुक्रवार को वो भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। पीएम ने बिरसा मुंडा के नाम पर 150 रुपए का सिक्का और 5 रुपए का स्मारक डाक टिकट जारी किया है। पीएम ने ये स्मारक सिक्का और डाक टिकट बिरसा मुंडा के वंशज को भेंट भी किया। इस दौरान पीएम ने 6,640 करोड़ रुपए से अधिक की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसके अलावा दो जनजातीय फ्रीडम फाइटर म्यूजियम और दो जनजातीय रिसर्च सेंटर का उद्घाटन भी किया। नीतिश कुमार के बाद पीएम मोदी मंच पर पहुंचे। करीब 40 मिनट के भाषण में प्रधानमंत्री ने आदिवासियों पर फोकस किया। परिवारवाद और आदिवासियों की अनदेखी को लेकर पिछली सरकारों को घेरा। नीतिश कुमार की तारीफ भी की।

- **हमारी सरकार ने आदिवासी कल्याण मंत्रालय बनाया-** पीएम ने कहा कि पहली बार अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में ही अलग से आदिवासी कल्याण मंत्रालय बना। पहले आदिवासियों के लिए 25 हजार करोड़ से भी कम का बजट था। हमारी सरकार ने इसे 5 गुना बढ़ाकर सवा लाख करोड़ तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने आदिवासी विरासत को संरक्षित करने के लिए कई कदम उठाए हैं। आदिवासी कला और संस्कृति के लिए समर्पित कई लोगों को पद्म आदिवासी कला और संस्कृति के लिए समर्पित कई लोगों को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। हमने रांची में भगवान बिरसा के नाम पर एक विशाल संग्रहालय शुरू किया है। आज श्रीनगर और सिक्किम में दो आदिवासी अनुसंधान केंद्रों का भी उद्घाटन किया गया है। पीएम ने कहा कि एनडीए सरकार ने लेह में नेशनल सोवा रिग्पा, अरुणाचल में नॉर्थ ईस्टर्न इंस्टीट्यूट स्थापित किया।

# पत्नी नाबालिग है तो सहमति से संबंध भी माना जाएगा रेप

**हाईकोर्ट ने सुनाया बड़ा फैसला, यह माना जाएगा अपराध**

**मुंबई (एजेंसी)।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने नाबालिग पत्नी के साथ सेक्स के मामले में अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा कि नाबालिग पत्नी के साथ सहमति के साथ भी संबंध नहीं बनाए जा सकते हैं। कोर्ट का कहना है कि ऐसे मामलों में पति के खिलाफ रेप का मामला चलाया जाएगा। हाईकोर्ट ने एक मामले में दोषसिद्धि को बरकरार रखा है। दोषी का तर्क था कि पीड़िता के साथ यौन संबंध सहमति से बनाए गए थे और उस समय वह उसकी पत्नी थी। आरोपी का कहना था कि उसके खिलाफ बलात्कार का मामला नहीं चलाया जाना चाहिए। रिपोर्ट के अनुसार हाईकोर्ट की नागपुर



बेंच में जस्टिस गोविंद सनप ने एक मामले में सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि कानून के मद्देनजर यह बात स्वीकार नहीं की जा सकती कि अपीलकर्ता का पीड़ित पत्नी के साथ यौन संबंध बनाना बलात्कार या यौन हिंसा नहीं माना जाएगा। कोर्ट ने साफ कहा कि अगर लड़की की उम्र 18 साल से कम है फिर चाहे वह उसकी पत्नी ही क्यों ना हो, उसके साथ सेक्स बलात्कार माना जाएगा। 25 मई 2019 को एक शख्स को बलात्कार के मामले में गिरफ्तार किया गया। एक नाबालिग लड़की ने उस पर रेप का आरोप लगाया था। इस मामले में 9 सितंबर 2021 को वर्धा जिले के ट्रायल कोर्ट ने दोषी पाया था।

**राजस्थान थप्पड़कांड**

## कलेक्टर का वादा, ग्रामीणों की सभी मांगें पूरी होंगी

**टोंक (एजेंसी)।** राजस्थान के देवली-उनियारा (टोंक) में एसडीएम के थप्पड़कांड विवाद में जिला कलेक्टर डॉ सौम्या झा का पहला बयान सामने आया है। उन्होंने समरावता गांव में ग्रामीणों से कहा कि आचार संहिता



के सभी मांगें पूरी होंगी। उन्होंने कहा कि बुधवार को हुए विवाद से पहले उन्होंने नरेश मीणा को 6 बार कॉल किया था, लेकिन उन्होंने बात नहीं की। जिला कलेक्टर के साथ एसपी विकास सांगवान भी मौजूद थे। दोनों अधिकारियों ने गांव का जायजा भी लिया। वहीं, टोंक के निवाई में दोपहर तीन बजे नरेश मीणा की कोर्ट में पेशी होगी।

## एक दिन पाकिस्तान पर भी लहराएंगे भारत का तिरंगा

- देवेंद्र फडणवीस बोले-7 दशक बाद उमर अब्दुल्ला ने ली भारत के संविधान की शपथ



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव होने में महज कुछ ही दिन का समय बचा हुआ है। इससे पहले राज्य के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि हम एक दिन अखंड भारत बनाएंगे और एक दिन भारत का तिरंगा पाकिस्तान पर भी लहराएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि उमर अब्दुल्ला ने भी सात दशकों के बाद पहली बार मुख्यमंत्री के तौर पर भारत के संविधान की शपथ लेनी पड़ी। समाचार एजेंसी पर स्मिता प्रकाश ने डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस से कश्मीर के मुद्दे पर सवाल किया तो उन्होंने जवाब देते हुए कहा कि कश्मीर का मामला महाराष्ट्र के चुनावों में क्यों नहीं उठेगा। यह मराठाओं की भूमि है। ये संकुचित विचारों वाली भूमि नहीं है। अगर मैं देशभक्त हूं, तो मैं इतना संकीर्ण सोच कैसे रख सकता हूं।

## डेढ़ घंटे तक रोका गया राहुल का हेलीकॉप्टर, मचा बवाल

**बोकारो/गोड्डा (एजेंसी)।** झारखंड के गोड्डा में चुनावी सभा के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी का हेलीकॉप्टर डेढ़ घंटे तक रुका रहा। बताया जा रहा है कि एयर ट्रैफिक कंट्रोल से गोड्डा के बेलबड्डा से हेलीकॉप्टर को उड़ान भरने की अनुमति नहीं मिली थी। पूरी घटना के दौरान राहुल गांधी हेलीकॉप्टर में ही बैठे रहे और मोबाइल देखते रहे। महगामा क्षेत्र से विधायक और कांग्रेस कैंडीडेट दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि हेलीकॉप्टर को सिर्फ



इसलिए रोका गया कि प्रधानमंत्री देवघर में हैं। राहुल गांधी को उस क्षेत्र से गुजरने की अनुमति नहीं दी गई। प्रोटोकॉल है, जिसे हम समझते हैं लेकिन कांग्रेस ने 70 वर्षों तक देश पर शासन किया और किसी भी विपक्षी नेता के साथ ऐसी घटना कभी नहीं हुई।

# दिल्ली में हवा बेहद जहरीली, 5वीं तक स्कूल बंद

**हरियाणा, यूपी और राजस्थान की बसों पर लगी रोक, अमेरिकी सैटेलाइट से भी दिखा प्रदूषण**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में प्रदूषण गुरुवार को बेहद खतरनाक स्तर पर पहुंच गया। यहां 39 पॉल्यूशन मॉनिटरिंग स्टेशंस में से 32 ने एयर क्वालिटी इंडेक्स को गंभीर बताया है। इस हवा में सांस लेना भी मुश्किल होता है। यहां सभी प्राइमरी (5वीं क्लास तक) स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है। बच्चे ऑनलाइन क्लास में पढ़ेंगे। एयर कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट ने एनसीआर यानी हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान से आने वाली बसों के दिल्ली आने रोक लगा दी है। सीएनजी और इलेक्ट्रिक व्हीकल के साथ बीएस-4 डीजल बसों को इससे छूट दी गई है।



इस बीच, अमेरिकी साइंटिस्ट हीरेन जेठवा ने 14 नवंबर को दिल्ली की सैटेलाइट इमेज शेयर की हैं। इसमें दिल्ली में घना स्मॉग दिखाई दे रहा है। हीरेन अमेरिका की मॉर्गन स्टेट यूनिवर्सिटी में एरोसोल रिमोट सेंसिंग साइंटिस्ट हैं। हीरेन की फोटोज एएपी ने भी शेयर की हैं। पंजाब-चंडीगढ़ में धुंध का अलर्ट जारी किया है। राजस्थान में दो दिन घने कोहरे का अलर्ट है। यूपी और पंजाब में 15 नवंबर तक, हिमाचल में 18 नवंबर तक रात और सुबह के समय घना से बहुत घना कोहरा छाएगा। हरियाणा, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, बिहार, झारखंड में 16 नवंबर तक धुंध छाने का अनुमान है। दिल्ली में प्रदूषण से निपटने ग्रेडेड एक्शन प्लान लागू राजधानी में प्रदूषण को कंट्रोल करने के लिए प्रदूषण के स्तर को 4 कैटेगरी में बांटकर देखा गया है। हर स्तर के लिए लिए पैमाने और उपाय तय हैं। इसे ग्रेडेड एक्शन प्लान कहते हैं।

**इसे कहते हैं किस्मत!**

# दिल्ली के युवक की बल्ले-बल्ले, लॉटरी में जीता 3 करोड़

### रिश्तेदारों से मिलने पंजाब आया युवक हो गया 'मालामाल'

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** दिल्ली के युवक लव कुमार ने पंजाब दीवाली बम्पर लॉटरी 2024 में 3 करोड़ रुपये जीते है। लॉटरी का परिणाम दिवाली पर घोषित किया गया था, जिसमें 6 करोड़ रुपये के प्रथम पुरस्कार को दो विजेताओं के बीच विभाजित किया गया था। लव कुमार ने पंजाब के नंगल से ये 500 रुपये का लॉटरी टिकट खरीदा था। वो दिल्ली से यहां अपने रिश्तेदार से मिलने आया था। 3 करोड़ रुपये का



पुरस्कार जीतने के बाद उन्होंने बताया कि यह उनकी पहली लॉटरी जीत है। लव ने कहा कि पुरस्कार की पूरी राशि वो अपनी मां को देंगे, क्योंकि वो उनकी सबसे बड़ी प्रेरणास्रोत हैं। बता दें कि पंजाब दिवाली बम्पर लॉटरी 2024 के लिए इस बार दो श्रेणियों (ए और बी) में 20 लाख टिकट बेचे गए थे। प्रत्येक टिकट की कीमत 500 रुपये थी। प्रत्येक टिकट की संख्या 000000 से 999999 के बीच थी। 6 करोड़ रुपये के प्रथम पुरस्कार को दो भागों में बांटा गया। इसमें प्रत्येक विजेता को 3 करोड़ रुपये मिले। ए सीरीज में 540826 और बी सीरीज में 480960 जीतने वाले टिकट थे।

## ट्रंप की वापसी के साथ फ्रंटफुट पर आएगा क्वाड!

**चीन से मुकाबले में भारत को हो सकता है बड़ा फायदा**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के प्रत्याशी डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बाद अब केवल अमेरिका ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया की राजनीति में कई बड़े बदलाव आने वाले हैं। इसमें एक अहम भूमिका क्वॉड की होगी, जो कि पिछले चार साल से बस एक औपचारिकता वाला शिखर सम्मेलन बनकर रह गया था। अहम बात यह है कि डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बाद पहला क्वॉल समिट भारत में होगा और यह चीन के लिए सर्वाधिक टेंशन की बात हो सकती है लेकिन कैसे चलिए इसे समझाते हैं। अधिकारियों ने कहा कि भारत 2025 में क्वाड शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा,



जिसमें नव-निर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी शामिल होंगे। क्वाड शिखर सम्मेलन इस साल सितंबर में नई दिल्ली में आयोजित होना था लेकिन नेताओं के सेट कार्यक्रम के चलते यह न्यूयॉर्क में हुआ था।

## संक्षिप्त समाचार

### वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में बाल दिवस पर बच्चों ने किया भ्रमण

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में बाल दिवस के अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के 878 बच्चों ने वन विहार राष्ट्रीय उद्यान भोपाल का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान बच्चे बाघ, तेंदुआ, मगर, घड़ियाल, चीतल, सांभर, नीलगाय और विभिन्न प्रकार के पक्षियों, तितलियों और सीमा से लगे बड़े तालाब को देखकर रोमांचित हुए। वन विहार के मुख्य मार्ग पर स्थित स्नेक पार्क में बच्चों ने विभिन्न प्रजातियों के सर्पों का अवलोकन किया। वहाँ तैनात कर्मचारियों ने सर्पों के बारे में जानकारी दी। बच्चों ने वन्य-प्राणी संबंधी जानकारी प्राप्त कर अपनी जिज्ञासाओं को शांत किया।

### यूनिसेफ भेजेगा सफाई मित्रों के मोबाइल पर मैसेज

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** प्रदेश में सफाई मित्र और उनके परिवार को राज्य सरकार की योजनाओं से जोड़ने के लिये यूनिसेफ उनके मोबाइल पर वीडियो संदेश और मैसेज भेजेगा। इस संबंध में आज यूनिसेफ के प्रतिनिधि-मण्डल ने आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास श्री भरत यादव से मुलाकात की। वीडियो मैसेज में बच्चों के पालन-पोषण तथा शारीरिक एवं मानसिक विकास के तरीकों के बारे में समझाया जायेगा। आयुक्त ने बताया कि यूनिसेफ को इसके लिये सफाई मित्रों की मोबाइल नम्बर सूची स्थानीय निकायों के माध्यम से दी जायेगी। आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास श्री भरत यादव ने स्वनिधि से समृद्धि, पीएम स्वनिधि योजना और सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि भवन अनुज्ञा से संबंधित प्रकरण निश्चित समय-सीमा में निराकृत किये जायें। श्री यादव ने नगरीय निकायों के अधिकारियों को फायर सेफ्टी के लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकृत करने के लिये कहा। बैठक में केन्द्र की सहायता से चलने वाली योजनाओं की भी समीक्षा की गयी।

### बिजली कंपनी ने सार्वजनिक किये बड़े बकायादारों के नाम

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों के अंतर्गत आने वाले ऐसे बिजली उपभोक्ता जिनके द्वारा अपने बकाया बिजली बिलों का समय पर भुगतान नहीं किया जा रहा है, उनके नाम, पते और बकाया राशि की जानकारी को सार्वजनिक कर दिया गया है। कंपनी ने बकायादारों के नामों की सूची कंपनी केपोर्टल पर सार्वजनिक की है, इन बकायदरों के नाम आमजन और उपभोक्ताओं द्वारा क्षेत्रवार देखा जा सकता है। इसके लिए कंपनी की वेबसाइट पर जाकर होम पेज पर पर क्लिक करते ही वृत्त के आधार पर कुल बकायादारों की सूची उपलब्ध हो जाएगी। इसी लिंक को कंपनी के सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे फेसबुक, एक्स, इंस्टाग्राम आदि पर भी साझा कर दिया गया है। हालांकि कम्पनी द्वारा इस सूची को प्रति सोमवार अद्यतन किया जा रहा है। जो उपभोक्ता अपने बिजली बिल की बकाया राशि जमा कर रहे हैं, उनके नाम पोर्टल पर जारी सूची से तथा सोशल मीडिया से हटा दिए जाते हैं। इसलिए बकाया राशि समय पर जमा करें, ताकि बकायादारों की सूची से नाम हटाया जा सके।

### जवाहर बाल भवन में मना रंगारंग बाल दिवस समारोह

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** जवाहर बाल भवन में बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर बाल दिवस मनाया। इस अवसर पर बच्चों के लिये रंगोली एवं पुष्प सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 60 बच्चों ने भाग लिया। बाल भवन संगीत प्रभाग के बच्चों ने श्री विजय सप्रे के निर्देशन में मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी। नृत्य प्रभाग के बच्चों ने श्रीमती संघमित्रा तायवाड़े के निर्देशन में कालबेलिया नृत्य की प्रस्तुति दी। आधुनिक अभिनय कला प्रभाग के बच्चों ने सुश्री संघरत्ना बनकर के निर्देशन में नाटक %रीढ़ की हड्डी% का मंचन किया। कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को पुरस्कार वितरित किये गये एवं संचालक जवाहर बाल भवन श्रीमती शुभा वर्मा द्वारा बच्चों को बाल दिवस की बधाई दी गई।

### परिवहन विभाग को 2510 करोड़ रूपये का प्राप्त हुआ राजस्व

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** राज्य सरकार के राजस्व संग्रहण में परिवहन विभाग महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। परिवहन विभाग को इस वर्ष 2024 में अक्टूबर माह तक 2510 करोड़ रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। विभाग को इस वर्ष 5 हजार 500 करोड़ रूपये के राजस्व संग्रहण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। विभाग ने वर्ष 2023-24 में 4 हजार 605 करोड़ 96 लाख रूपये का राजस्व प्राप्त किया था। विभाग राजस्व संग्रहण में बढ़ोत्तरी के लगातार प्रयास किये जा रहे है। विभाग ने अगले 5 वर्षों में वर्तमान प्राप्त राजस्व को दोगुना करने लगभग 9 हजार 200 करोड़ रूपये का राजस्व प्राप्त करने का लक्ष्य तय किया है।

# बच्चों को ऊर्जा बचत की सीख और संस्कार बचपन से ही दें-राज्यपाल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि ऊर्जा की बचत ही ऊर्जा का उत्पादन है। इसलिए जरूरी है कि बच्चों को ऊर्जा बचत की सीख और संस्कार बचपन से ही दिया जाए। उन्हें ऊर्जा की भावी ज़रूरतों और महत्व के प्रति जागरूक बनाएं। राज्यपाल श्री पटेल ऊर्जा संरक्षण पर आधारित, राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता के पुरस्कार समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह, भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के तत्वाधान में भोपाल के सुभाष भवन में आयोजित किया गया था।



राज्यपाल श्री पटेल ने दो श्रेणियों में आयोजित, राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने विजेता प्रतिभागियों को राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता में चयन के लिए बधाई और शुभकामनाएं भी दीं। श्री पटेल ने इस अवसर पर प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल के सदस्यों का भी सम्मान किया। उन्होंने ह।ष्ठष्ट को विगत 19 वर्षों से उर्जा संरक्षण की जागरूकता के लिए प्रतियोगिता के सतत् आयोजन की बधाई दी।

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि बच्चों की कल्पनाशीलता और सृजनशीलता प्रकृति का अनुपम उपहार है। ऊर्जा बचत और संरक्षण पर बच्चों द्वारा बनाए गए चित्र, उनके अंतर्मन की अभिव्यक्ति है। राज्यपाल श्री पटेल ने उपस्थित जनों से अपील की कि वे चित्रकला प्रदर्शनी का अवलोकन ज़रूर करें और बाल कलाकारों के भावों की अभिव्यक्ति को सराहें। उन्होंने बच्चों से कहा कि ऊर्जा संरक्षण के लिए चित्रों का सृजन करते हुए, ऊर्जा बचत के जो सच्चे भाव आपके अंतर्मन में आए थे, उन भावों को हमेशा जीवंत रखें और उनका आजीवन अनुसरण करने का प्रयास करें।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि ऊर्जा के संसाधन, प्रकृति द्वारा मानव को दिए गए अमूल्य उपहार हैं। इनका ज़रूरत और विवेक अनुसार उपयोग करना चाहिए। हम सभी को ऊर्जा के साधनों के साथ पानी की बचत और महत्व को भी समझना होगा। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि जिन क्षेत्रों में बिजली और पानी की पर्याप्त उपलब्धता नहीं है, वहां की जनता की समस्याओं का विचार करें, और सहानुभूति का भाव रखते हुए ऊर्जा, पानी और अन्य प्राकृतिक साधनों का विवेक से उपयोग करें। उन्होंने बच्चों को समझाइश दी कि बचत की अच्छी आदतों को विकसित करें।

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने बच्चों को स्वस्थ, तेजस्वी और ओजस्वी बनने के लिए चार मंत्र दिए। उन्होंने कहा कि बच्चे नियमित रूप से कसरत करने की आदत बनाएँ। पौष्टिक आहार लें, फास्टफूड खाने से बचें। भरपूर पानी पीयें और अच्छी नींद लें।

## समय पर मिलिंग करने वाले मिलर्स को करेंगे प्रोत्साहित, लेकिन गुणवत्ता में कोई समझौता नहीं



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** अच्छी एवं समय पर मिलिंग करने वाले?मिलर्स को प्रोत्साहित किया जायेगा, साथ ही गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जायेगा। गुणवत्ता के लिये जहां जरूरी होगा, वहां सख्ती भी की जायेगी। मिलर्स नीति के संबंध में आपके द्वारा दिये गये सुझावों पर सकारात्मक रूप से विचार करेंगे। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत ने यह बात खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 की प्रस्तावित मिलिंग नीति के संबंध में मिलर्स से चर्चा के दौरान कही। मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि मिलर्स की सुविधा के लिये वेयर हाउस, नॉन एवं खाद्य संचालनालय में नोडल अधिकारी बनाये जायेंगे। हमारी पूरी टीम आपका पूरा सहयोग करेगी। मिलर्स साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें। खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि इस वर्ष उपार्जन का कार्य नोडल एजेंसी नागरिक आपूर्ति निगम के साथ-साथ एनसीसीएफ एवं केन्?द्रीय भण?डारण के द्वारा भी किया जाएगा। किसानों की सुविधा एवं अन्?य समस्?याओं के निराकरण के लिए तथा समन्?वय के लिए मिलिंग नीति 2024-25 का प्रारूप खाद्य आयुक्त के देखरेख में तैयार किया जाएगा।

## आईटीआई से आईआईटी की उड़ान

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** शासकीय आईटीआई मण्डलेश्वर, खरगौन के कोपा ट्रेड के छात्र अल्ताफ खान का चयन देश के प्रतिष्ठित संस्थान आईआईटी मुंबई के आईडीसी स्कूल ऑफ डिजाइन के 'आईडीसी हैस्मेड मैनपॉवर प्रोजेक्ट' में प्रोजेक्ट टेक्निकल असिस्टेंट के पद पर हुआ है। आईटीआई से पास-आउट अल्ताफ खान ने अपने कुशल प्रशिक्षकों के अध्यापन और खुद की मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प से यह मुकाम हासिल किया। अल्ताफ का आईआईटी मुंबई के प्रोजेक्ट के लिये चयन इस बात को प्रमाणित करता है कि आईटीआई जैसी संस्थाओं में प्राप्त प्रशिक्षण न केवल व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करता है, बल्कि युवाओं को ऐसे मुकाम पर पहुँचने की प्रेरणा भी देता है, जहाँ वे अपने सपनों को साकार कर सकें। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत काम करते हुए, छात्र को तकनीकी विशेषज्ञता और वास्तविक अनुभव का एक अमूल्य अवसर मिलेगा जो भविष्य के लिए उसकी नींव को और भी मजबूत करेगा। यह नियुक्ति न केवल छात्र के करियर के लिए एक मील का पत्थर साबित होगी, बल्कि यह प्रदेश के उन तमाम युवाओं के लिए भी प्रेरणा बनेगी जो अपने कौशल के दम पर भविष्य संवारने के इच्छुक हैं।

तकनीकी कौशल और रोजगार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम टेटवाल ने छात्र अल्ताफ खान को इस उपलब्धि के लिये बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिये शुभकामनाएं दी। मंत्री श्री टेटवाल ने कहा कि उनकी यह नियुक्ति दर्शाती है कि अगर व्यक्ति के पास प्रतिभा और दृढ़ संकल्प है, तो उसे किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने से कोई नहीं रोक सकता। शासकीय आईटीआई के छात्र का मुम्बई आईआईटी के प्रोजेक्ट के लिये चयनित होना आईटीआई के अन्य सभी छात्रों के लिए एक प्रेरणादायी है और उन्हें अपने कौशल के बल पर आगे बढ़ने का प्रोत्साहन देगा। छात्र की प्रशिक्षण अधिकारी श्रीमती वर्षा तिवारी और संस्था के प्राचार्य इमरान अली सैयद ने भी बधाई दी है।

## मुख्य सचिव जैन से राज्य प्रशासनिक सेवा के 43 परिवीक्षाधीन डिप्टी कलेक्टर्स ने की शिष्टाचार भेंट

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन से गुरुवार को मंत्रालय में मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग से चयनित राज्य प्रशासनिक सेवा के 43 परिवीक्षाधीन डिप्टी कलेक्टर्स ने परिचयात्मक प्रशिक्षण की समाप्ति पर शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी के महानिदेशक श्री जे. एन. कंसोटिया एवं सत्र संचालक श्रीमती नंदा भलावी कुशरे उपस्थित थीं।



मुख्य सचिव श्री जैन ने राज्य प्रशासनिक सेवा के परिवीक्षाधीन डिप्टी कलेक्टर्स को नवदायित्व एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं एवं बधाई दीं। श्री जैन ने नवनियुक्त अधिकारियों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं प्रजातांत्रिक मूल्यों से अवगत कराया। श्री जैन ने इन्हें सफल प्रशासनिक अधिकारी बनने के लिए अभिप्रेरित किया।

उन्होंने अधिकारियों को प्रशासनिक कार्यप्रणाली के अनुरूप कार्यशैली से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। श्री जैन ने कहा कि अधिकारियों में समाज के सेवक का भाव हो और उनकी कार्यशैली में मानवीयता एवं संवेदना का सदैव प्रकटीकरण हो। जनसामान्य हम तक आसानी से नहीं पहुँच पाते हैं, हमे उन तक पहुँच कर और उनको केंद्र में रखकर कार्य करने की आवश्यकता है।

श्री जैन ने कहा कि सत्यनिष्ठा प्रशासनिक अधिकारियों का अनिवार्य गुण होना चाहिए। वर्तमान परिदृश्य के अनुरूप तकनीकी उन्नति से अद्यतन रहना आवश्यक है। श्री जैन ने कहा कि हमेशा बेहतर से बेहतरीन की संभावना बनी रहती है, इसलिए अपने कार्यों को बेहतर करने का प्रयास करें और अपना ?सेवा में आने का मुख्य उद्देश्य हमेशा याद रखें। प्रशिक्षु अधिकारियों को नवाचारी विचारों को साझा करने को भी कहा। श्री जैन ने सदाचरण के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन जीने के लिए मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु वेतन ही पर्याप्त है, इसलिए अनुचित आचरण से सावधान रहें। मुख्य सचिव श्री जैन ने कहा कि कार्यशैली में पारदर्शिता, ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा के बल पर, अधिकारी अपनी अलग पहचान स्थापित कर सकते हैं। जन-आकांक्षाओं और जनहित की पूर्ति के लिए प्रतिबद्धता से कार्य करें एवं शासन की मंशा अनुरूप विकसित मध्यप्रदेश की संकल्पना को साकार करने में सहभागिता सुनिश्चित करने का प्रयास करें।

## स्वामित्व योजना में 28 हजार 864 ग्रामों के अधिकार अभिलेखों का कार्य पूर्ण

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** ग्रामवासियों को उनकी संपत्ति पर संपूर्ण हक का अभिलेख देने के लिए शुरू की गई स्वामित्व योजना के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश अग्रणी राज्यों में शामिल है।

स्वामित्व योजना में भारत सरकार की सर्वेक्षण इकाई सर्वे आफ इंडिया की सहायता से पहली बार ग्रामों में बसाहट क्षेत्र पर ड्रोन उडाकर नक्शों का निर्माण और इसके आधार पर डोर-टू-डोर सर्वे के माध्यम से अधिकार अभिलेखों का निर्माण किया जा रहा है। स्वामित्व योजना में 2018 के पूर्व से निवासरत संपत्ति धारकों के अधिकार अभिलेख तैयार किए जा रहे है। आबादी भूखंड स्वामी उसके खसरा, प्लाट की डिजिटली प्रमाणित प्रतिलिपि प्राप्त कर विभिन्न सेवाओं जैसे कि-बैंक से ऋण, भूखंड की खरीद-बिक्री, भूखंड का नामांतरण, बटवारा, विवाद रहित स्वामित्व आदि सेवाओं का लाभ तत्काल प्राप्त कर सकते है।

प्रदेश में ड्रोन फ्लाईंग का कार्य शुरू कर लक्षित 36 लाख अधिकार अभिलेखों में 29 लाख अधिकार अभिलेखों का निर्माण पूरा कर लिया गया है। साथ ही प्रदेश के लक्षित 42 हजार आबादी ग्रामों में से 38 हजार ग्रामों में नक्शों का संशोधन कार्य पूरा कर लिया गया है और 28 हजार 864 ग्रामों के अधिकार अभिलेखों का कार्य पूर्ण कर भू-अभिलेख पटल पर उपलब्ध करवा दिए गए है। आयुक्त, राजस्व ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि स्वामित्व योजना का प्रदेश में दिसम्बर 2024 तक क्रियान्वयन पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

आयुक्त, राजस्व ने बताया कि स्वामित्व योजना क्रांतिकारी योजना है इससे व्यापक आर्थिक और समाजिक बदलाव आएगा। यह योजना ग्रामों की संपत्ति को पूंजी में बदलेगी।

## वैश्विक धरोहर है बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** उमरिया जिले का विश्व प्रसिद्ध बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व वैश्विक धरोहर है। यहाँ की जैव-विविधता, दुर्लभ वन्य-जीवों की उपलब्धता, कल्चुरी कालीन किला और हिन्दू देवताओं के प्राचीन मंदिर पूरी दुनिया में दुर्लभ हैं। टाइगर रिजर्व की स्थापना के पूर्व यहाँ का जंगल एवं पहाड़ियों के बीच निर्मित किला एवं अन्य संरचनाएँ रीवा रियासत के महाराजा की निजी सम्पत्ति हुआ करती थी। किले में राजकीय कार्यों के अलावा राज परिवार का निवास भी होता था। घनघोर जंगल राजा और महाराजाओं का निजी शिकारगाह होता था, जहाँ देश-विदेश के राजा समय-समय पर आकर आखेट करते थे।



कालांतर में देश की आजादी के बाद तत्कालीन रीवा महाराजा मार्तण्ड सिंह ने सन् 1967 में किला सहित पूरा जंगल मध्यप्रदेश शासन को नेशनल पार्क स्थापित करने एवं वन्य-जीव संरक्षण के लिये दान में दिया था। इसके बाद मध्यप्रदेश शासन द्वारा बाँधवगढ़ नेशनल पार्क की स्थापना की गयी। वर्ष 1981 के बाद यहाँ पर केन्द्र की टाइगर परियोजना शुरू की गयी। बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व में मौजूद जल-स्रोतों से यहाँ की जैव-विविधता देश-दुनिया के जंगलों की अपेक्षा उत्कृष्ट रही है। यहाँ जल-स्रोतों की मौजूदगी हमेशा से रही है, जिससे हरियाली बनी रहती है। पर्याप्त जल-स्रोत, चारागाह, सघन वन, शाकाहारी, मांसाहारी वन्य-जीवों के लिये आवश्यक आहार और रहवास की अनुकूलता होने से यहाँ दुर्लभ से दुर्लभ वन्य-प्राणी एवं पक्षी अपना आश्रय-स्थल बनाये हुए हैं।

बाघों की सघन मौजूदगी पूरी दुनिया में बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व को एक अलग पहचान दिलाती है। टाइगर रिजर्व 1526 वर्ग किलोमीटर के कोर एवं बफर क्षेत्र में फैला हुआ है। इस जंगल में वर्ष 2022 की गणना अनुसार 165 से भी ज्यादा बाघों की संख्या पायी गयी थी। इसके अलावा कान्हा टाइगर रिजर्व से 49 बायसन लाकर वर्ष 2012 में बसाये गये थे, जो अनुकूल परिस्थितियों में बढ़कर वर्तमान में लगभग 200 की संख्या में स्वच्छंद विचरण कर रहे हैं। टाइगर रिजर्व में दुनिया में विलुप्ति की कगार पर पहुँच चुके विशेष प्रजाति के बारहसिंघा भी कान्हा टाइगर रिजर्व से लाकर बाँधवगढ़ में बसाये गये हैं। वर्ष 2018 से जंगली हाथियों ने भी अपना रहवास यहाँ बनाया है। तकरीबन 70 से 80 जंगली हाथी टाइगर रिजर्व के अलग-अलग क्षेत्रों में विभिन्न झुण्डों में विचरण कर रहे हैं।

## मूल्यबोधक और स्वावलंबी शिक्षा आज की आवश्यकता है- सुरेश सोनी

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** राजगढ़ में सरस्वती विद्या मन्दिर आवासीय विद्यालय का भूमि-पूजन कार्यक्रम सदस्य अखिल भारतीय कार्यकारिणी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ श्री सुरेश सोनी, जिले के प्रभारी एवं सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री श्री चेतन्य कुमार काश्यप, परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह, विद्या भारती संगठन मंत्री मध्यभारत श्री निखिलेश माहेश्वरी और भूमि दानदाता श्री देवेंद्र जैन के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।




अतिथियों ने सर्वप्रथम मन्त्रोच्चार के मध्य विधि-विधान से आवासीय विद्यालय का भूमि-पूजन किया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में सरस्वती शिशु मन्दिरों को संस्कारक्षम शिक्षा का माध्यम बताया। श्री निखिलेश माहेश्वरी ने विद्या भारती के देशव्यापी व मध्यभारत में चल रहे प्रकल्पों की जानकारी दी। श्री राव उदयप्रताप सिंह ने कहा कि विद्या भारती के प्रकल्प विद्यार्थियों के साथ ही आमजन को स्वालम्बन से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। श्री चेतन काश्यप ने कहा कि राजगढ़ का यह आवासीय विद्यालय समाज की प्रेरणा का केन्द्र बनेगा। श्री सुरेश सोनी ने कहा कि शिक्षा की व्यवस्था एक निरन्तर चलने वाली प्रक्रिया है, क्योंकि जीवन स्थिर नहीं रहता, जीवन चलता रहता है, समय गतिशील है, सतयुग भी स्थिर नहीं रहा। 25 साल में दूसरी पीढ़ी आ जाती है। शिक्षा संस्कार का सातत्य रहा तो समाज में परिवर्तन आता है। 1952 में जब विद्या भारती ने विद्यालय प्रारम्भ किया तो पहला विचार भारत केन्द्रित शिक्षा था। प्राचीन शिक्षा में ऋषियों ने कहा कि ज्ञान वह केवल व्यक्ति के लिए नहीं सम्पूर्ण मानवता के साथ जड़ चेतन के लिए है। राजा भर्तृहरि ने वैराग्य शतक में कहा कि पंच महाभूत मेरा परिवार है।

# विचार

## राजनैतिक रूप से एकजुट मुसलमान भी है जातियों-कुरीतियों में बंटा

यह बात समझ से परे है कि गैर भाजपा दलों के नेताओं को हिन्दू समाज में पिछड़े और दलित जाति के लोगों की ही चिंता क्यों सताती है। उनका ध्यान उन और दलित मुसलमानों की तरफ क्यों नहीं जाता है जो उच्च श्रेणी के मुसलमानों के कारण अपने अधिकारों से वंचित हैं। मुसलमानों में इन दलित और पिछड़े लोगों की पहचान पसमांदा समाज के रूप में है। दरअसल, भारतीय मुसलमान मुख्यतः तीन जाति समूहों में बंटा हुआ है इन्हें अशराफ़, अजलाफ़ और अरज़ाल कहा जाता है। ये जातियों के समूह हैं, जिसके अंदर अलग-अलग जातियां शामिल हैं। हिंदुओं में जैसे ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र वर्ण होते हैं, वैसे ही अशराफ़, अजलाफ़ और अरज़ाल को देखा जाता है। अशराफ़ में सैयद, शेख़, पठान, मिर्ज़ा, मुग़ल जैसी उच्च जातियां शामिल हैं। मुस्लिम समाज की इन जातियों की तुलना हिंदुओं की उच्च जातियों से की जाती है, जिनमें ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य शामिल हैं। दूसरा वर्ग है अजलाफ़. इसमें कथित बीच की जातियां शामिल हैं। इनकी एक बड़ी संख्या है, जिनमें ख़ास तौर पर अंसारी, मंसूरी, राइन, क़ुरैशी जैसी कई जातियां शामिल हैं। क़ुरैशी मीट का व्यापार करने वाले और अंसारी मुख्य रूप से कपड़ा बुनाई के पेशे से जुड़े होते हैं। हिंदुओं में उनकी तुलना यादव, कोइरी, कुर्मी जैसी जातियों से की जा सकती है। तीसरा वर्ग है अरज़ाल। इसमें हलालख़ोर, हवारी, रज़्ज़ाक जैसी जातियां शामिल हैं। हिंदुओं में मैला ढोने का काम करने वाले लोग मुस्लिम समाज में हलालख़ोर और कपड़ा धोने का काम करने वाले धोबी कहलाते हैं। अरज़ाल में वो लोग हैं, जिनका पेशा हिंदुओं में अनुसूचित जाति के लोगों का होता था। इन मुसलमान जातियों का पिछड़ापन आज भी हिंदुओं की समरूप जातियों जैसा ही है। राज्यसभा के पूर्व सांसद और पसमांदा मुस्लिम आंदोलन के नेता अली अनवर अंसारी कहते हैं कि मुसलमानों में भी जाति प्रथा हिंदुओं की तरह ही काम करती है। विवाह और पेशे के अलावा मुसलमानों में अलग-अलग जातियों के रीति रिवाज भी अलग-अलग हैं। मुसलमानों में भी लोग अपनी ही जाति देखकर शादी करना पसंद करते हैं। मुस्लिम इलाक़ों में भी जाति के आधार पर कॉलोनियां बनी हुई दिखाई देती हैं। कुछ मुसलमान जातियों की कॉलोनी एक तरफ़ बनी हुई है, तो कुछ मुसलमान जातियों की दूसरी तरफ़। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के संभल में तुर्क, लोधी मुसलमान रहते हैं। उनके बीच काफ़ी तनाव रहता है। उनके अपने-अपने इलाक़े हैं। राजनीति में भी ये देखा जाता है। अली अनवर कहते हैं कि जीने से लेकर मरने तक मुसलमान जातियों में बंटा हुआ है।

# नेहरू जैसा बालमन समझने वाला चाहिए दूसरा 'चाचा'

**डॉ. रमेश ठाकुर**

**आज खास दिन 'बाल दिवस' और चाचा नेहरू से तो ज़माना परिचित ही है। पर, लोग ये नहीं जानते कि नेहरू जी आखिर बच्चों के चाचा कैसे कहलाए? इस रहस्य से अधिकांश अनभिज्ञ है। वैसे, 'बाल दिवस' आज़ाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिवस पर मनाया जाता है। उनका जन्म 14 नवंबर 1889 को इलाहाबाद में हुआ था। जबकि, ये दिवस संयुक्त राष्ट्र द्वारा अधिकृत 20 नवंबर को पूरे विश्व भर में मनाया जाता है।**



लेकिन साल 1964 में पंडित जवाहरलाल नेहरू की मृत्यु के बाद, भारतीय संसद में उनके जन्मदिन को देश में आधिकारिक तौर पर 'बाल दिवस' के रूप में स्थापित करने का प्रस्ताव एकमत से जारी किया गया। क्योंकि वह बच्चों नितंत प्रिय हुआ करते थे। उनका बच्चों के प्रति लगाव देखने लायक होता था। उन्हें %चाचा% क्यों कहा जाने लगा, ये एक दिलचस्प वाक्या है। चलिए बताते हैं नेहरू के चाचा बनने की कहानी। पंड़ित नेहरू एक मर्तबा इलाहाबाद में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। मौसम जाड़े का था। सभा में एक बुजुर्ग महिला भी भाषण सुनने अपने दुधमुंह बच्चे के साथ पहुंची थी। जारी भाषण में बच्चा तेजी से रोने लगा। पंड़ित नेहरू की जैसे ही नजर बच्चे के रोने पर पड़ी, उन्होंने अपना भाषण रूकवा दिया और तुरंत अपने अंगरक्षक को बच्चा और उसकी मां को मंच पर लाने को कहा, मां अपने बच्चे के साथ जैसे ही मंच पर चढ़ी, नेहरू ने आगे बढ़कर स्वंय बच्चे को अपने गोद में उठा लिया। बच्चा पंड़ितजी की गोद में जाते ही चुप हो गया और उनके जेब में लगे पेन से खेलने लगा। बच्चे के प्रति नेहरू के प्यार-स्नेह को देखकर सभा में उपस्थित लोग अचंभित हो गए और उसी समय से लोगों ने उन्हें 'चाचा' कहना शुरू कर दिया। बच्चों के प्रति उदारता, दयालुपन, स्नेहभाव और दीवानगी की ललक हम सभी में भी जगे, उसी मकसद को आज का ये खास दिवस पूरा करता है। हालांकि बच्चे से प्यार तो हर कोई करता है। लेकिन नेहरू का प्यार बेशकीमती, अद्भुत, चमत्कारी होता था। रोते हुए बच्चे भी उनके सन्मुख जाकर एकाएक चुप हो जाते थे। बच्चों को चुप कराने की उनके पास पता नहीं कौनसी अद्भुत कला थी, जो सभी आश्चर्यचकित करती थी। सालाना हिंदुस्तान में बाल दिवस बड़े उत्सव के तौर पर मनाया जाता है। ये दिवस बच्चों को ढेर सारा स्नेह, उपहार और लाड-प्यार देने को समर्पित होता है। जवाहरलाल नेहरू शुरू से बच्चों के अधिकारों और एक शिक्षा प्रणाली के पक्षधर और समर्थक रहे थे। वह प्रत्येक बच्चे को देश का आने वाला भविष्य कहते थे, बच्चा बेशक कितना भी नटखट क्यों न हो, वह उनकी भी भरपूर सराहना करते थे। फूलपुर की चुनावी सभा में नेहरू ने अपने प्रसिद्ध भाषणों में एक बार कहा था कि बच्चे बगीचे में कलियों की तरह होते हैं और उनका सावधानीपूर्वक और प्यार से पालन-पोषण करना चाहिए, क्योंकि वे देश का भविष्य और कल के नागरिक हैं। मौजूदा वक्त में जिस बेहिसाब से समूचे देश के नौनिहालों के प्रति अत्याचार, विभिन्न किस्म की समस्याएं, और अपराध बढ़े हैं, वो अगर जिंदा होते तो बहुत दुखी होते। एनसीआरबी की सालाना रिपोर्ट बच्चों के गायब होने के जो आंकड़े प्रस्तुत करती है, वो निश्चित रूप से डरावने होते हैं। तमाम हुकूमती कोशिशों के बावजूद भी बाल समस्याएं रुकने का नाम नहीं लेती।

आज बाल दिवस के मौके पर देशभर के स्कूलों में गायन, निबंध, वाद-विवाद, खेलकूद जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। अधिकांश जगहों पर नेहरू की जीवनी पर लेख-लेखन कम्पटीशन आयोजित होंगी। दरअसल, 'नेशनल बाल दिवस' पं. नेहरू को सच्ची श्रद्धांजलि देने का भी दिन कहा जाता है, जो उसके हकदार भी हैं। नेहरू बच्चों को राष्ट्र की संपत्ति मानते थे। साथ ही वह अक्सर नौनिहालों को मुल्क का सबसे कीमती संसाधन के रूप में भी संदर्भित करते थे। इसलिए, अपने युवा नागरिकों के जीवन की बेहतरी के प्रति राष्ट्र की प्रतिबद्धता की पुष्टि करने के लिए उनके जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। आज इस दिवस के जरिए बच्चों में खुशियां, उनके अधिकारों और उनके उज्ज्वल भविष्य को संवारने के लिए जागरूकता भी फैलाई जाती है। बच्चों के प्रति जागरूकता को बढ़ाना और उन्हें एक सुरक्षित, खुशहाल और शिक्षा से भरपूर जीवन देने के लिए आज सभी को संकल्पित भी होना चाहिए।

सन् 1954 में, संयुक्त राष्ट्र की ओर से 20 नवंबर को अंतर्राष्ट्रीय बाल दिवस घोषित किया गया था। पर, भारत ने इस दिवस को 14 नवंबर यानी पंडित नेहरू के जन्मदिन पर मनाने का निर्णय लिया। हिंदुस्तान में ये दिन को बच्चों के अधिकारों की रक्षा करना, उन्हें सुरक्षित वातावरण देना और उनकी शिक्षा व स्वास्थ्य पर ध्यान देने पर केंद्रित होता है। बच्चों के प्रति बढ़ते अत्याचार, बाल श्रम, और शिक्षा की कमी जैसी समस्याओं पर जागरूकता निरंती फैलती रहनी चाहिए। बच्चों को बचपन में सही मार्गदर्शन और प्यार दिया जाना चाहिए। सभी के बच्चे बिना किसी भेदभाव के स्वतंत्र रूप से सीखने और बढ़ने का अधिकार रखते हैं। पंडित नेहरू हमेशा बच्चों के बीच जाकर उनके साथ समय बिताना पसंद करते थे और उनका मानना था कि बच्चों में मासूमियत, सच्चाई, और निष्ठा होती है, जो बड़ों को भी प्रेरणा देती हैं। शिक्षा का अधिकार, बाल श्रम से सुरक्षा और एक सुरक्षित व प्यार भरे वातावरण में बढ़ने का अधिकार हम सभी को मिलकर दिलवाना चाहिए। हालांकि, भारत में बाल अधिकारों की सुरक्षा के लिए बाल संरक्षण कानून और विभिन्न सरकारी-गैरसरकारी संस्थाएं कार्यरत हैं, जिनका उद्देश्य बच्चों के भविष्य को सुरक्षित बनाना है। इनका आम जनों को भी मिलकर सहयोग करना चाहिए।

## बुलडोजर पर न्याय का हथौड़ा

सही मायनों में यह सुप्रीम कोर्ट का एक सख्त फैसला था, लेकिन यह समय की जरूरत भी थी। कथित बुलडोजर न्याय पर रोक लगाकर शीर्ष अदालत ने यह संदेश दिया है कि संविधान प्रदत्त नागरिक अधिकारों का कार्यपालिका मनमाने तरीके से अतिक्रमण नहीं कर सकती। निश्चित रूप से किसी भी मामले में एक आरोपी पर मुकदमा चलाए बिना ही दंड देना, नैसर्गिक न्याय की अवधारणा के ही विरुद्ध है। लेकिन साथ ही अदालत ने यह भी साफ कर दिया कि सरकारी संपत्ति और सार्वजनिक स्थलों पर होने वाले अवैध निर्माण इस आदेश की परिधि में नहीं आते। दरअसल, हाल के वर्षों में उत्तर प्रदेश से शुरू हुआ कथित बुलडोजर न्याय का सिलसिला दिल्ली, हरियाणा, मध्यप्रदेश, राजस्थान से लेकर असम तक जा पहुंचा। कई राज्यों ने अपराधी तत्वों पर अंकुश लगाने की मंशा जाहिर करते हुए बुलडोजर से दंड देने को कारगर तरीका मान लिया। जिसको लेकर सामाजिक प्रतिक्रिया के साथ ही राजनीतिक दलों की ओर से भी सख्त विरोध दर्ज किया गया। उन्होंने इसे अतार्किक और प्रचलित कानूनी प्रक्रिया का उल्लंघन बताया।

हालांकि, समाज में आम लोगों के एक वर्ग में इसके प्रति समर्थन भी देखा गया। जिसका मानना था कि न्यायिक प्रक्रिया में दंड देने की अवधि खासी लंबी होती है। जिसके चलते धनबल और बाहुबल के आधार पर अपराधी मामले को लंबा खींचने में सफल हो जाते हैं। दरअसल, समाज के एक वर्ग में इस शीघ्र न्याय की आकांक्षा की सरकारों ने अपनी प्राथमिकताओं व सुविधाओं के अनुसार व्याख्या कर दी। वहीं दूसरी ओर प्रशासनिक स्तर पर इस कार्रवाई के बचाव में कई तरीके के तर्क गढ़े जाते रहे। जिसके चलते बुलडोजर न्याय की तार्किकता को लेकर दुविधा पैदा हुई। यही वजह है कि शीर्ष अदालत ने ऐसे तमाम सवालों पर मंथन करते हुए कानूनन और संवैधानिक दृष्टि से नागरिकों के अधिकारों की रक्षा को लेकर महत्वपूर्ण फैसला दिया। जो आम नागरिकों को सत्ता की निरंकुशता से बचाव का कवच उपलब्ध कराता है। साथ ही यह फैसला न्याय व्यवस्था के प्रति जनता के भरोसे को भी बढ़ाता है। इसमें दो राय नहीं कि इस फैसले के जरिये शीर्ष अदालत ने कार्यपालिका को उसकी सीमा का अहसास ही कराया है।

# राजनैतिक रूप से एकजुट मुसलमान भी है जातियों-कुरीतियों में बंटा

**संजय सक्सेना**

यह बात समझ से परे है कि गैर भाजपा दलों के नेताओं को हिन्दू समाज में पिछड़े और दलित जाति के लोगों की ही चिंता क्यों सताती है। उनका ध्यान उन और दलित मुसलमानों की तरफ क्यों नहीं जाता है जो उच्च श्रेणी के मुसलमानों के कारण अपने अधिकारों से वंचित हैं। मुसलमानों में इन दलित और पिछड़े लोगों की पहचान पसमांदा समाज के रूप में है। दरअसल, भारतीय मुसलमान मुख्यतः तीन जाति समूहों में बंटा हुआ है इन्हें अशराफ़, अजलाफ़ और अरज़ाल कहा जाता है। ये जातियों के समूह हैं, जिसके अंदर अलग-अलग जातियां शामिल हैं। हिंदुओं में जैसे ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र वर्ण होते हैं, वैसे ही अशराफ़, अजलाफ़ और अरज़ाल को देखा जाता है। अशराफ़ में सैयद, शेख़, पठान, मिर्ज़ा, मुग़ल जैसी उच्च जातियां शामिल हैं। मुस्लिम समाज की इन जातियों की तुलना हिंदुओं की उच्च जातियों से की जाती है, जिनमें ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य शामिल हैं। दूसरा वर्ग है अजलाफ़. इसमें कथित बीच की जातियां शामिल हैं। इनकी एक बड़ी संख्या है, जिनमें ख़ास तौर पर अंसारी, मंसूरी, राइन, क़ुरैशी जैसी कई जातियां शामिल हैं। क़ुरैशी मीट का व्यापार करने वाले और अंसारी मुख्य रूप से कपड़ा बुनाई के पेशे से जुड़े होते हैं। हिंदुओं में उनकी तुलना यादव, कोइरी, कुर्मी जैसी जातियों से की जा सकती है। तीसरा वर्ग है अरज़ाल। इसमें हलालख़ोर, हवारी, रज़्ज़ाक जैसी जातियां शामिल हैं। हिंदुओं में मैला ढोने का काम करने वाले लोग मुस्लिम समाज में हलालख़ोर और कपड़ा धोने का काम करने वाले धोबी कहलाते हैं। अरज़ाल में वो लोग हैं, जिनका पेशा हिंदुओं में अनुसूचित जाति के लोगों का होता था। इन मुसलमान जातियों का पिछड़ापन आज भी हिंदुओं की समरूप जातियों जैसा ही है।

राज्यसभा के पूर्व सांसद और पसमांदा मुस्लिम आंदोलन के नेता अली अनवर अंसारी कहते हैं कि मुसलमानों में भी जाति प्रथा हिंदुओं की तरह ही काम करती है। विवाह और पेशे के अलावा मुसलमानों में अलग-अलग जातियों के रीति रिवाज भी अलग-अलग हैं। मुसलमानों में भी लोग अपनी ही जाति देखकर शादी करना पसंद करते हैं। मुस्लिम इलाक़ों में भी जाति के आधार पर कॉलोनियां बनी हुई दिखाई देती हैं। कुछ मुसलमान जातियों की कॉलोनी एक तरफ़ बनी हुई है, तो कुछ मुसलमान जातियों की दूसरी तरफ़। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के संभल में तुर्क, लोधी मुसलमान रहते हैं। उनके बीच काफ़ी तनाव रहता है। उनके अपने-अपने इलाक़े हैं। राजनीति में भी ये देखा जाता है। अली अनवर कहते हैं कि जीने से लेकर मरने तक मुसलमान जातियों में बंटा हुआ है। शादी तो छोड़िए, रोटी-बेटी का रिश्ता भी नहीं है एक दो अपवाद को छोड़कर.जाति के आधार पर कई मस्जिदें बनाई गई हैं। गांव-गांव में जातियों के हिसाब से क़ब्रिस्तान बनाए गए हैं। हलालख़ोर, हवारी, रज्जाक जैसी मुस्लिम जातियों को सैयद, शेख़, पठान जातियों के क़ब्रिस्तान में दफ़नाने की जगह नहीं दी जाती। उनके अनुसार, कई बार तो पुलिस को बुलाना पड़ता है। मुसलमानों में कम से कम 15 ऐसी जातियां हैं, जिन्हें अनुसूचित जाति का दर्जा मिलना चाहिए। मुसलमानों में जो पिछड़ी जातियां हैं, उन्हें ओबीसी कैटेगरी में रखा गया है, लेकिन उससे हलालख़ोर जैसी जातियों के लोगों को कोई फ़ायदा नहीं मिलता, जबकि उनका



पिछड़ापन हिंदू दलितों जैसा है।

इस संबंध में प्रो. तनवीर फ़ज़ल बताते हैं कि धर्म परिवर्तन के समय लोग अपने साथ अपनी अपनी जातियां भी लेकर आए. इस्लाम धर्म अपनाने के बाद भी उन्होंने जाति को नहीं छोड़ा। उत्तर प्रदेश के जिन राजपूतों ने मुस्लिम धर्म अपनाया, वे अभी भी अपने नाम के साथ चौहान लिखते हैं। खुद को राजपूत मानते हैं। यह भी माना जाता है कि जो तुर्क, मुग़ल और अफ़ग़ान भारत में आए। उन्होंने अपने लोगों को शासन व्यवस्था में ऊंचा स्थान दिया और यहां के लोगों को कमतर निगाहों से देखा। प्रोफ़ेसर फ़ज़ल के अनुसार हो सकता है कि वहां से भी इसकी शुरुआत हुई हो।

खैर, यह सब बातें इस लिये बताई जा रही थीं क्योंकि हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा था कि यह लोग मुसलमानों में दलित और पिछड़ों की बात क्यों नहीं करते हैं। मोदी ने कांग्रेस द्वारा जातिगत जनगणना करवाने की मांग की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि कांग्रेस द्वारा केवल हिंदू समाज की जातीय जनगणना की बात करने का उद्देश्य हिंदुओं की एक जाति को दूसरी जाति के खिलाफ भड़काना भर है, जबकि मुसलमानों की विभिन्न जातियों की बात पर कांग्रेस मुंह बंद कर लेती है। वैसे तो मोदी के निशाने पर कांग्रेस और गांधी परिवार था, लेकिन कमोबेश यही स्थिति उन तमाम दलों की भी है जो तुष्टिकरण या मुस्लिम वोट बैंक की सियासत करते हैं। इसमें समाजवादी पार्टी, बसपा, लालू यादव की पार्टी, ममता बनर्जी, केजरीवाल सभी दलों के नेता शामिल हैं।

यहां यह याद दिला देना भी जरूरी है कि भले ही मोदी राज में कांग्रेस जातीय जनगणना की बात कर रही हो कांग्रेस का पूर्व नेतृत्व जिसमें नेहरू से लेकर राजीव गांधी तक की सरकारें शामिल थीं ने हमेशा जातिवाद का विरोध किया था। इतना ही नहीं कांग्रेस कग नेतृत्व वाली संप्रग सरकार जिसके मुखिया मनमोहन सिंह और सुपर पीएम सोनिया गांधी थी ने वादा करने के बावजूद 2011 में हुई जनगणना में अन्य पिछड़ा वर्ग यानी ओबीसी से संबंधित जातिगत गणना के आंकड़े को सार्वजनिक नहीं किया था। यह विडंबना ही है कि आज वही कांग्रेस और गांधी परिवार जातीय जनगणना के लिए सबसे अधिक व्याकुल है। कांग्रेस का विभिन्न मुस्लिम जातियों के बारे में चर्चा न करना और उनके बीच सामाजिक न्याय की उपेक्षा कर पसमांदा और अशराफ मुस्लिमों के विभेद को नकारना उसकी सामाजिक न्याय की नीति पर प्रश्नचिह्न लगाता है। प्रधानमंत्री मोदी तो लगातार मुस्लिमों की जातियों और उनके सामाजिक न्याय के संघर्ष की तरफ सबका ध्यान आकर्षित करते रहे हैं,

# कबाड़ी के ठिकाने पर रेड, 4 टन कबाड़ जब्त

## एसपी से सेटिंग होने का दिखाता था धौंस, चर्चित कबाड़ी को पुलिस ने दबोचा






**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में कबाड़ दुकान संचालक एसपी से सेटिंग होने का धौंस दिखाकर छोटे कबाड़ दुकानों से अवैध रूप से लोहे का सामान खरीद रहा था। गुरुवार को पुलिस ने दबिश देकर उसकी मेटाडोर को जब्त कर लिया। चोरी की आशंका पर 4 टन कबाड़ बरामद किया गया है, जिसकी कीमत करीब 93 हजार है। मामला सरकंडा थाना क्षेत्र का है। दरअसल, सरकंडा पुलिस को पिछले काफी समय से सूचना मिल रही थी कि चांटीडीह निवासी संतोष रजक पिता इतवारी रजक अपनी दुकान में अवैध कबाड़ का सामान, बाइक के पार्ट्स और चोरी के लोहे के कबाड़ की बड़े पैमाने पर खरीदी करता है।

**खबर मिलते ही पहुंची पुलिस की टीम:** पुलिस की पेट्रोलिंग टीम को वह एसपी तक पहुंच होने का धौंस भी दिखाता था। गुरुवार को पता चला कि वह कबाड़ को दूसरी जगह बिक्री करने के लिए मेटाडोर में लोडकर रहा है। खबर मिलते ही टीआई तोप सिंह अपनी टीम के साथ उसके गोदाम में पहुंच गई।

जांच के दौरान मेटाडोर में लोड चार टन कबाड़ बरामद किया गया, जिसका बिल व रसीद नहीं पेश कर सका। लिहाजा, चोरी का कबाड़ होने के संदेह पर पुलिस उसे पकड़ कर थाने ले आई। आरोपी संतोष रजक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

**एसपी रजनेश सिंह के कार्यकाल में पहली गिरफ्तारी:** बताया जा रहा है कि संतोष रजक सरकंडा क्षेत्र के छोटे कबाड़ दुकान संचालकों को पनाह देता है। उनसे चोरी का माल खरीदने के साथ ही वह पुलिस से सेटिंग होने का धौंस दिखाता है, जिसके कारण पुलिस की टीम उसके यहां सीधे जांच करने नहीं जा पाती है।

हालांकि, इससे पहले वो कई बार गिरफ्तार हो चुका है, लेकिन एसपी रजनेश सिंह के कार्यकाल में पहली बार उसके खिलाफ कार्रवाई की गई है। यही वजह है कि वह एसपी तक पहुंच होने का भी धौंस दिखाता है।

**कोनी और चकरभाठा में बेखौफ चल रही दुकानदारी:** शहर के कोनी और चकरभाठा क्षेत्र में कबाड़ियों के बड़े ठिकाने हैं। इसके साथ ही सिरगिट्टी क्षेत्र में भी कई कबाड़ी सक्रिय हैं। कोतवाली क्षेत्र में कबाड़ियों के ठिकाने से पुलिस ने कई बार चोरी के सामान और वाहन के पार्ट्स जब्त किए हैं।

इसके बाद भी पुलिस इस क्षेत्र में कबाड़ियों के ठिकाने पर नियमित जांच नहीं करती। जिसके कारण चोरी के वाहन कबाड़ियों के ठिकाने पर खपाए जा रहे हैं।

**वाहन चोरों पर लगाम नहीं:** कबाड़ियों के ठिकाने पर कार्रवाई के दौरान पुलिस को कई बार भारी मात्रा में वाहनों के पार्ट्स मिले हैं। इधर शहर में लगातार वाहन चोरी की शिकायतें सामने आ रही है। पुलिस वाहन चोरों पर लगाम नहीं लगा पा रही है। आशंका है कि चोरी के वाहन कबाड़ियों के ठिकाने पर खपाए जा रहे हैं। इसके बाद भी पुलिस केवल खानापूर्ति की कार्रवाई कर रही है।

# बिलासपुर के 4 हिस्ट्रीशीटर 6 महीने के लिए जिलाबदर

## सीमा से लगे 6 जिलों में भी नहीं रह सकेंगे, कई थानों में गुंडागर्दी-मारपीट के केस दर्ज









**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** बिलासपुर पुलिस ने अब गुंडा-बदमाशों पर सख्ती दिखाई है। शहर के 4 हिस्ट्रीशीटर की कुंडली निकालकर जिलाबदर के लिए प्रस्ताव भेजा है, जिस पर कलेक्टर ने इन बदमाशों को 6 महीने के लिए जिलाबदर किया है। सभी बदमाश जिले की सीमा से लगे 6 जिलों में भी नहीं रह सकेंगे।

एसपी रजनेश सिंह ने बताया कि शहर के साथ ही जिले के आदतन बदमाशों की गतिविधियों पर पुलिस की कड़ी नजर है। अवैध गतिविधियों में लिप्त ऐसे असामाजिक तत्वों के खिलाफ लगातार सख्ती से कार्रवाई की जा रही है।

**मारपीट, गुंडागर्दी और करते थे रंगदारी:** उन्होंने सभी थानों को बदमाशों की निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही मारपीट, गुंडागर्दी और रंगदारी करने वाले बदमाशों की कुंडली बनाने के लिए भी कहा है। ताकि, उनका आपराधिक रिकॉर्ड तैयार किया जा सके।

**4 बदमाशों का किया जिलाबदर:** एसपी सिंह ने बताया कि इसी कड़ी में चार बदमाशों के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई करने कलेक्टर के पास प्रतिवेदन भेजा गया था। प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर ने जिलाबदर का आदेश जारी किया है। सभी बदमाशों के खिलाफ अलग-अलग थानों में केस दर्ज है। उनकी आपराधिक गतिविधियों में सुधार नहीं हो रहा था।

**आए दिन गुंडागर्दी और मारपीट करते थे बदमाश:** जिन अपराधियों का जिलाबदर किया गया है, उनमें सिविल लाइन क्षेत्र के डबरीपारा निवासी मृत्युंजय सिंह, मंगला के आजाद चौक निवासी आसिफ खान, मगरपारा निवासी गदर उर्फ मानस मेश्राम और सकरी के शांतिनगर निवासी बाबू अंडा उर्फ प्रियनाथ वर्मा शामिल हैं। इन सभी के खिलाफ दर्जनभर से अधिक केस दर्ज हैं।

इनके खिलाफ कई बार कार्रवाई की जा चुकी है। उन्हें गिरफ्तार कर जेल भी भेजा गया था। जिलाबदर के दौरान ये सभी जिले की सीमा से लगे जांजगीर-चांपा, मुंगेली, गौरेला पेंड्रा मरवाही और बलौदाबाजार जिले की सीमा से भी बाहर रहेंगे। आदेश की अवहेलना करने पर अलग से कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रेलर से टकराई बाइक, दो की मौत

**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** बिलासपुर-रायपुर नेशनल हाईवे में पेट्रोल पंप के पास बाइक सवार दो युवक ट्रेलर से टकरा गए, जिससे दोनों पहिए में फंस गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि हाईवे में डस्ट की वजह से युवकों को ट्रेलर दिखाई नहीं दिया, तभी रोड क्रास करते समय वो ट्रेलर की चपेट में आ गए। दोनों युवक सगाई कार्यक्रम से लौट रहे थे। घटना सरगांव थाना क्षेत्र की है।

जानकारी के अनुसार हिर्री क्षेत्र के ग्राम मोहदा निवासी दिलहरण पटेल अपने मित्र पन्नू पटेल (34) के साथ बीते गुरुवार की रात रिश्तेदार की सगाई में शामिल होने भाटापारा गए थे। सगाई में शामिल होने के बाद दोनों युवक बाइक में सवार होकर वापस गांव आ रहे थे। घटना रात करीब 11 बजे की है। अभी उनकी बाइक सरगांव क्षेत्र के ग्राम किरना स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंची।

### छत्तीसगढ़ में करीब 6 हजार कॉन्स्टेबल की भर्ती



**मीडिया ऑडीटर, रायगढ़ एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में कॉन्स्टेबल के 5,967 पदों पर भर्ती निकली है। पहले चरण में बिलासपुर संभाग के रायगढ़ और सरगुजा संभाग में 893 पदों पर भर्ती की जा रही है। रायगढ़ में भर्ती प्रक्रिया कल (शनिवार) 16 नवंबर से 24 दिसंबर तक चलेगी। यहां करीब 70 हजार अभ्यर्थी अपनी किस्मत आजमाएंगे। 2013 के बाद यह भर्ती परीक्षा हो रही है। वहीं सरगुजा संभाग के सिलफिली बटालियन परिसर में भी कल (शनिवार) 16 नवंबर से भर्ती प्रक्रिया शुरू होगी। आरक्षकों के 769 पद भरे जाएंगे। इसके लिए 82 हजार अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है।

# शिवसेना के संभागीय महासचिव जय सिंह राघव ने चिरमिरी एसडीएम को सौंपा सात सूत्रीय मांगों का ज्ञापन

### सभी मांगो के जल्द निराकरण की मांग



**मीडिया ऑडीटर, चिरमिरी निप्र।** छत्तीसगढ़ शिवसेना के सरगुजा संभाग के महासचिव जय सिंह राघव ने चिरमिरी एसडीएम को सात सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपते हुए सभी मांगो के जल्द निराकरण की मांग की है ।

राघव ने अपने ज्ञापन में कहा है कि एस.ई.सी एल. चिरगिरी द्वारा चिरमिरी क्षेत्र में कई कोयला खदाने संचालित की जा रही है । उत्पादन के पश्चात निकलने वाले कोयले को ऑक्शन के माध्यम से बिक्री भी की जा रही है । लेकिन राज्य शासन से हुए अनुबंध के अनुसार एसईसीएल द्वारा सी.एस.आर. मद से स्वास्थ्य, खेल एवं मनोरंजन के लिए राशि खर्च नहीं की जा रही है। हमारी मांग है कि एसईसीएल चिरमिरी क्षेत्र के नागरिकों पर सी.एस.आर. मद से स्वास्थ्य, खेल एवं मनोरंजन हेतु राशि खर्च कर आम नागरिकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध करायें । चिरमिरी क्षेत्र में गोदरीपारा स्थित रीजनल हास्पीटल जिसे एस.ई.सी.एल. के द्वारा पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया है उसे पुनः स्वास्थ्य सुविधाओं से सुसज्जित किया जाये जिससे क्षेत्रवासियों को स्वास्थ्य सुविधा के लिए 180 कि.मी. का सफर तय न करना पड़े ।

ज्ञापन में राघव ने आगे कहा है कि चिरमिरी, नगर पालिक निगम क्षेत्र है तथा यहाँ विगत 20 वर्षो से महापौर के साथ ही 40 वार्ड पार्षदों का भी निर्वाचन होता आ रहा है । किन्तु विडम्बना ये है कि डोमनहिल, गेल्हापानी कोरिया एवं साजापहाड़ के निवासियों को निगम की ओर से पानी वितरण के लिए आज पर्यन्त तक कोई पाईप लाईन नहीं बिछायी गयी है। जिसके कारण इन क्षेत्रों की जनता परेशान है। हमारी मांग है कि डोमनहिल, गेल्हापानी कोरिया एवं साजापहाड के निवासियों के लिए पानी हेतु निगम द्वारा जल्द ही पाईप लाईन बिछाकर नल कनेक्शन का वितरण किया जावें । इसके साथ ही चिरमिरी क्षेत्र के विभिन्न कोयला खदानों में कार्यरत ठेका मजदूरों को ठेकेदारों के द्वारा अनियमित एवं अलग-अलग वेतन का भुगतान किया जा रहा है जो ठेका मजदूरों के साथ अन्याय एवं उनका शोषण है, साथ ही ठेका मजदूरो को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओ से भी ठेकेदारों द्वारा वंचित रखा जा रहा है। जबकि जिले के कलेक्टर द्वारा कार्य के अनुरूप वेतन निर्धारित किया गया है। हमारी मांग है कि चिरमिरी क्षेत्र में कार्यस्त ठेका मजदूरों को निर्धारित कलेक्टर दर (कुशल, अर्धकुशल एवं अकुशल) के आधार पर वेतन का भुगतान किया जावे साथ ही ठेका मजदूरों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जावें ।

# खेलो इंडिया के खिलाड़ियों का कपल डांस...वीडियों वायरल

## चुनरी-चुनरी...रफ्ता-रफ्ता सॉन्ग पर थिरके, बिलासपुर में तिरंदाजी के हेड-कोच भी थे मौजूद, बर्खास्त






**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में तीरंदाज खिलाड़ियों से कपल डांस कराने का वीडियों सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में लड़कियों के साथ लड़के रफ्ता-रफ्ता आंख मेरी लड़ी है....गोरी तेरे नैनो में हम बस जाते...जैसे गानों पर थिरक रहे हैं।

इस आयोजन के दौरान तीरंदाजी के हेड कोच निलेश गुप्ता भी मौजूद रहे। कपल डांस कराने के मामले में स्पोर्ट्स संचालक ने हेड कोच निलेश गुप्ता को बर्खास्त कर दिया है।

**27 खिलाड़ी ट्रेनिंग कर रहे:** दरअसल, खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बहतराई स्टेडियम में बने आर्चरी मैदान में प्रदेश भर के खिलाड़ी तीरंदाजी खेल का प्रशिक्षण ले रहे हैं। वर्तमान में यहां 27 खिलाड़ी ट्रेनिंग कर रहे हैं। इसमें महिला और पुरुष दोनों वर्ग के खिलाड़ी हैं।

राज्य शासन ने दीपावली पर्व पर 27 से 3 नवंबर तक अवकाश घोषित किया था। इसके चलते खिलाड़ियों को भी अवकाश दिया गया था, लेकिन आर्चरी के खिलाड़ियों का 24 नवंबर से राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता होना है, जिसकी प्रैक्टिस के लिए उन्हें घर जाने नहीं दिया गया।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम के बहाने कपल डांस:** इस दौरान खिलाड़ियों ने ग्राउंड में ही लक्ष्मी पूजन का आयोजन किया, लेकिन इसके लिए खेल विभाग के संचालक से अनुमति नहीं ली गई थी। खिलाड़ियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के बहाने कपल डांस की प्रस्तुति भी दी।

**जिला खेल अधिकारी वीडियो क्लिप भेजकर रिपोर्ट मांगी:** इसकी जानकारी खेल विभाग के संचालक तनुजा सलाम तक पहुंच गई। उन्होंने जिला खेल अधिकारी वीडियो क्लिप भेजकर रिपोर्ट मांगी। जांच प्रतिवेदन में कपल डांस कराने की बात सामने आई। लिहाजा, संचालक ने हेड कोच निलेश गुप्ता को बर्खास्त कर दिया गया है।

**खेल अधिकारी बोले-अशोभनीय हरकत के चलते लिया एक्शन:** जिला खेल अधिकारी ए एक्का ने कहा कि अभिभावकों के द्वारा यह कहा जा रहा है कि दीपावली में छुट्टी ना देकर इस तरह से कपल डांस क्यों कराया गया। हेड कोच निलेश गुप्ता के शामिल होना अशोभनीय और अनुशासनहीनता है।

हेड कोच ने प्रशिक्षण पर फोकस न कर एक्सीलेंस सेंटर का माहौल खराब करने का कार्य किया है। यही वजह है खेल संचालक ने उन्हें बर्खास्त करने का आदेश जारी किया है।

### दौरे की शुरुआत से पूर्व गुरु नानक के दरबार पहुंचें स्वास्थ्य मंत्री



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** स्वास्थ्य मंत्री मंत्री अल सुबह चिरिमिरी गोदरीपारा के गुरुद्वारा पहुंचे और माथा टेक कर गुरु नानक देव का आशीर्वाद लिया। इस दौरान मंत्री ने गुरुनानक जयंती के प्रकाश पर्व पर सभी सिख समाज को जयंती की बधाई देते हुए कहा कि प्रकाश पर्व पर मै प्रतिवर्ष गुरुद्वारा में माथा टेकने आता हु और साथ में बैठकर लंगर भी खाता हु लेकिन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज पूरे देश भर के ऐसे विशेष पिछड़ी जन जातियों के लिए कई कार्यक्रम और योजनाओं की लांचिग करने जा रहे है उसका लाइव प्रसारण भी होना है। इसके लिए प्रदेश के मंत्रियों और वरिष्ठ विधायकों को प्रदेश के सभी जिलों में अतिथि बनकर जाना है। मेरा भी आज, हमारे एमसीबी जिला में जिम्मेदारी तय हुआ है और यह कार्यक्रम भरतपुर जनकपुर क्षेत्र के दुरस्त अंचल कुंवारपुर के आखिरी छोर के गांव में रखा गया है और वहां प्रधानमंत्री जी 12 से 1 बजे जुड़ेंगे और वहां उनके बीच में अन्य कार्यक्रम भी होगे तो ऐसे में वहां से लौटकर आ पाना मुश्किल लग रहा है। इसलिए दौरे की शुरुआत गुरुद्वारे में माथा टेक कर और सभी सिक्ख समाज के लोगों को इस प्रकाश पर्व की बधाईयां देकर आगे बढ़ रहा हु।

### बंद प्लांट से लगे खेत में 3 खोपड़ी-हड्डियां मिली

## लापता मां-बेटी, बेटे के होने की आशंका, डीएनए टेस्ट करा सकती है फोरेंसिक टीम



**मीडिया ऑडीटर, बलरामपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में बंद पड़े फ्लाई ऐश ब्रिक्स प्लांट से लगे खेत में 3 नर कंकाल मिले हैं। इसमें 3 खोपड़ी और बॉडी के अन्य पार्ट्स हैं। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। एरिया को सील कर दिया है। फोरेंसिक टीम को बुलाया गया है। मामला सिटी कोतवाली ??थाना क्षेत्र के दहेजवार का है। जानकारी के मुताबिक, दहेजवार गांव के लोग शुक्रवार सुबह खेत में धान कटाई के लिए बंद पड़े ब्रिक्स प्लांट के परिसर के पास गए थे। ग्रामीणों ने देखा तो कई जगहों पर हड्डियों के टुकड़े बिखरे पड़े थे। आशंका जताई जा रही है कि हड्डियां कुछ दिन पहले लापता मां, बेटी और बेटे की है।

**कंकाल देखते ही दहशत में आए ग्रामीण:** ग्रामीणों ने बताया कि खोपड़ी और अन्य हड्डियों को देखकर वह दहशत में आ गए थे। इसके बाद फौरन पुलिस को सूचना दी। तत्काल पुलिस बड़ी संख्या में पहुंची। उन्होंने घटना स्थल में ले जाकर कंकालों को दिखाया। पुलिस ने कंकालों को बरामद कर लिया है।

**लंबे समय से बंद है प्लांट:** बताया जा रहा है कि फ्लाई ऐश ब्रिक्स प्लांट के संचालक द्वारिका गुप्ता है। लंबे समय से ब्रिक्स प्लांट बंद है। हालांकि ग्रामीण शवों को खेतों में गाड़ते हैं। आशंका यह भी है कि कुत्तों ने खोपड़ियों को निकाल लिया है, लेकिन आसपास में कोई कब्रगाह भी नहीं है।

**कंकालों का डीएनए भी कराया जाएगा:** मामले में एएसपी शैलेन्द्र पांडेय ने नर कंकाल मिलने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर और फोरेंसिक टीम की मदद ली जा रही है। प्रथम दृष्टया ये नर कंकाल काफी पुराने हैं। पुलिस टीम इसका भी पता लगाएगी कि ये नर कंकाल कब के हैं, और कहां से आए हैं। जरूरत पड़ी तो नर कंकालों का डीएनए भी कराया जाएगा।

**कुसमी से लापता मां-बेटी और बच्चे का सुराग नहीं:** कुसमी के वार्ड क्रमांक एक निवासी सूरजदेव ठाकुर की पत्नी कौशल्या ठाकुर (36) गायब है। बेटी मुक्तावती उर्फ मुस्कान ठाकुर (17) और बेटा मिंटू ठाकुर (8) के साथ 27 सितंबर को बाजार जाने के लिए निकली थी, लेकिन तीनों वापस नहीं लौटे। तीनों की गुमशुदगी की रिपोर्ट कुसमी थाने में दर्ज है। तीनों का अब तक कोई सुराग नहीं मिला है।

**ये नर कंकाल इन्हीं के होने की आशंका:** बलरामपुर में तीन शव मिलने के सूरजदेव ठाकुर को पुलिस टीम लेकर बलरामपुर गई है। अगर तीनों के नर कंकाल गुमशुदा महिला और बच्चों से मेल खाते हैं तो उनका डीएनए टेस्ट कराया जाएगा। आशंका जताई जा रही है कि ये कंकाल इन्हीं के हो सकते हैं।

## लिव-इन में रह रही युवती प्रेग्नेंट...अबॉर्शन के बाद मौत

### बॉयफ्रेंड ने खिलाई दवा, गर्भपात के बाद बिगड़ी थी तबीयत



**मीडिया ऑडीटर, सरगुजा एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा में लिव-इन में रह रही युवती की अबॉर्शन के बाद मौत हो गई। युवती और आरोपी युवक का प्रेम संबंध था, दोनों लिव-इन में थे। युवती प्रेग्नेंट हुई तो युवक ने उसे अबॉर्शन की दवाई खिला दी। युवती का गर्भपात हो गया, लेकिन उसकी हालत बिगड़ गई। युवती को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। घटना एक महीने पहले की है। जांच के बाद जब पूरा खुलासा हुआ तो गुरुवार को पुलिस ने आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला बतौली थाना क्षेत्र का है।

**एबॉर्शन के बाद बिगड़ी हालत:** जानकारी के मुताबिक, बतौली थाना क्षेत्र की युवती (20) का प्रेम संबंध रायगढ़ जिले के कापू निवासी युवक राजकुमार चौहान के साथ था। अक्टूबर के पहले हफ्ते में वह घर से सहेली के साथ अंबिकापुर जाने की बात कह कर निकली थी। युवती कुछ दिनों तक युवक के साथ लिव-इन-रिलेशन में भी रही। इस दौरान गर्भवती हो गई। 4 दिनों बाद युवती वापस घर पहुंची तो उसके पैरों में सूजन थी और उसकी हालत ठीक नहीं थी। पूछताछ में उसने परिजनों को कोई जानकारी नहीं दी। परिजनों ने उसे बतौली अस्पताल में दाखिल किया। बतौली ष्ठाष्ट में जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे अंबिकापुर रेफर कर दिया। 12 अक्टूबर को अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में भर्ती किया गया। इसके बाद 15 अक्टूबर को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

**जांच में हुआ खुलासा, प्रेमी गिरफ्तार:** पुलिस जांच में पता चला कि चांदनी यादव का प्रेम संबंध राजकुमार चौहान के साथ था और उसने ही प्रेग्नेंट होने पर अबॉर्शन की दवा खिला दी थी। बतौली थाना प्रभारी सीपी तिवारी ने बताया कि पुलिस ने आरोपी राजकुमार चौहान (22) निवासी कापू, जिला रायगढ़ को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 314 के तहत अपराध दर्ज किया।

# बॉम्बे हाईकोर्ट बोला-नाबालिग पत्नी से सहमति से संबंध बनाना रेप

**मुंबई ( एजेंसी )।** बॉम्बे हाइकोर्ट की नागपुर बेंच ने कहा कि 18 साल से कम उम्र की पत्नी के साथ शारीरिक संबंध को रेप माना जाएगा। व्यक्ति के खिलाफ रेप का मामला भी दर्ज किया जा सकता है। कोर्ट ने नाबालिग पत्नी के साथ रेप के आरोपी एक व्यक्ति की 10 साल की सजा को बरकरार रखा। अदालत ने कहा नाबालिग पत्नी के साथ सहमति से शारीरिक संबंध भी कानून के तहत बलात्कार ही माना जाएगा। अपीलकर्ता को 2019 में ट्रायल कोर्ट ने पीओसीएसओ एक्ट के तहत दोषी ठहराया था। इसके बाद उसने हाईकोर्ट में अपील की थी। जस्टिस गोविंद सनप की बेंच ने पत्नी के साथ रेप के लिए एक व्यक्ति की सजा को बरकरार रखते हुए उसकी दलील को खारिज कर दिया। दोषी का तर्क था कि पीड़ित के साथ यौन संबंध सहमति से बनाए थे। उस समय वह उसकी पत्नी थी। ऐसे में इसे रेप नहीं कहा जा सकता। लाइव लॉ के मुताबिक, 12 नवंबर को जारी आदेश में जस्टिस सनप ने कहा, निर्धारित कानून के मद्देनजर यह बात स्वीकार नहीं की जा सकती कि अपीलकर्ता का पीड़ित पत्नी के साथ शारीरिक संबंध बनाना रेप या सेक्शुअल वॉयलेंस नहीं माना जाएगा। यह बताना जरूरी है कि 18 साल से कम उम्र की लड़की के साथ सेक्स करना रेप है, फिर चाहे वह शादीशुदा हो या नहीं।

# अमित शाह के हेलिकॉप्टर की चेकिंग हुई

**हिंगोली ( एजेंसी )।** गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को महाराष्ट्र के हिंगोली में चुनाव प्रचार के लिए आए थे। इस दौरान चुनाव आयोग के अधिकारियों ने हेलिकॉप्टर में रखे बैग और बाकी सामान की जांच की। अधिकारियों ने इसकी वीडियोग्राफी भी करवाई। शाह ने अपने हेलिकॉप्टर की जांच की जानकारी एक्स पर पोस्ट की। उन्होंने लिखा- आज महाराष्ट्र के हिंगोली विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार के दौरान चुनाव आयोग के अधिकारियों ने मेरे हेलिकॉप्टर की जांच की। भाजपा निष्पक्ष चुनाव और स्वस्थ चुनाव प्रणाली में विश्वास करती है। साथ ही माननीय चुनाव आयोग के बनाए गए सभी नियमों का पालन करती है। चुनाव आयोग के अधिकारियों ने 11 नवंबर को यवतमाल और 12 नवंबर को उस्मानाबाद में उद्धव ठाकरे का बैग चेक किया था। उद्धव ठाकरे ने कहा था- पिछली बार जब पीएम मोदी के हेलिकॉप्टर की तलाशी ली गई थी, तब ओडिशा में एक अधिकारी को निलंबित कर दिया गया था। आपने मेरे बैग की जांच की, कोई बात नहीं, लेकिन मोदी और शाह के बैग की भी जांच होनी चाहिए।

# झारखंड में मोदी के प्लेन में तकनीकी खराबी

**देवघर ( एजेंसी )।** इसके बाद दिल्ली से उनके लिए स्पेशल प्लेन भेजा गया। इसके बाद शाम 4.55 बजे दिल्ली रवाना हो गए। सूत्रों के मुताबिक, एसपीजी ने उन्हें एयरपोर्ट के लॉन्ज तक जाने की परमिशन नहीं दी। मोदी सुबह प्लेन से देवघर आए थे। यहां से वे बिहार के जमुई जनजातीय दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने गए। वापसी में उन्हें देवघर से ही दिल्ली जाना था, लेकिन प्लेन में खराबी आ गई थी। पीएम के एयरपोर्ट पर रहने के दौरान बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई। सीनियर पायलट ने जैसे ही तकनीकी खराबी की जानकारी दी, तो पीएमओ ने को-ऑर्डिनेट किया और दिल्ली से वायुसेना का विमान देवघर रवाना कर दिया था। झारखंड के गोड्डा में राहुल गांधी के हेलिकॉप्टर को एयर ट्रैफिक कंट्रोल की क्लियरेंस नहीं मिलने से डेढ़ घंटे तक हैलिपेड पर इंतजार करना पड़ा। कांग्रेस नेता शुक्रवार को महगामा में चुनावी सभा करने पहुंचे थे। उन्हें गोड्डा से बोकारो जिले के बेरमो में जाना था। बाद में हंगामे के करीब डेढ़ घंटे बाद उड़ान भरने की अनुमति मिली।

# भगवान बिरसा मुंडा ने मातृभूमि के गौरव और सम्मान की रक्षा के लिये अपना सर्वस्व बलिदान दिया-मुख्यमंत्री



**भोपाल ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पूरे देश में राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनायी जा रही है। जनजातीय गौरव दिवस इतिहास के एक बहुत बड़े अन्याय को दूर करने का एक ईमानदार प्रयास है। आजादी के बाद जनजातीय वर्ग के योगदान को इतिहास में वह स्थान नहीं दिया गया, जिसके लिये वे हकदार थे। जनजातीय समाज वो है, जिसने राजकुमार राम को भगवान बनाया। भारत की संस्कृति और आजादी के रक्षा के लिये सैकड़ो वर्षों की लड़ाई का नेतृत्व दिया। आजादी के बाद के दशकों में जनजातीय वर्ग के अनमोल योगदान को मिटाने की कोशिश की गई। इसके पीछे स्वार्थ भरी राजनीति थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि जनजातीय समाज के समग्र कल्याण के लिये अनेक योजनाएँ संचालित कर उनके आर्थिक और सामाजिक विकास का कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर बिहार जिले के जमुई में आयोजित राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस पर संबोधित कर रहे थे।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती पर 6 हजार करोड़ रूपये से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया है। इसमें जनजातीय वर्ग के बच्चों के भविष्य को संवारने वाले स्कूल और हॉस्टल, जनजातीय वर्ग की महिलाओं के लिये स्वास्थ्य सुविधा, जनजातीय क्षेत्रों को जोड़ने वाली सैकड़ों किलोमीटर की सड़कें, जनजातीय वर्ग की संस्कृति को समर्पित संग्रहालय एवं जनजातीय वर्ग के डेढ़ लाख परिवारों को पक्के घर के स्वीकृति पत्र वितरित किये गये हैं। साथ ही आज देव दीपावली के दिन 11 हजार से अधिक जनजातीय परिवारों को अपने घर में प्रवेश कराया गया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मध्यप्रदेश के छिन्दवाड़ा के श्री बादल भोई जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय एवं जबलपुर के राजा शंकर शाह और रघुनाथ शाह स्वंतत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय का वर्चुअली लोकापर्ण किया।

मध्यप्रदेश के शहडोल जिला मुख्यालय पर आयोजित राज्यस्तरीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह में राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री एवं शहडोल जिले के प्रभारी मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल, कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिलीप जायसवाल, सीधी सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, अध्यक्ष कोल विकास प्राधिकरण श्री रामलाल रोतेल सहित जन-प्रतिनिधि मौजूद रहे। राज्यपाल श्री पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन कर किया। अतिथियों का स्वागत जनजातीय परंपरा अनुसार किया गया।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सम्पूर्ण देश में जनजातीय कल्याण के अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे हैं। पीएम जन मन योजना और सिकल सैल उन्मूलन मिशन, जनजाति कल्याण का महाभियान है। इस महाभियान में राज्य सरकार द्वारा जनजाति कल्याण के बेहतरीन कार्य किए जा रहे हैं। अनेक विभागों के माध्यम से अति पिछड़ी जनजातियों को विकास की मुख्यधारा में लाने के कारगर प्रयास लगातार जारी है। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि सिकल सैल उन्मूलन मिशन का संकल्प मध्यप्रदेश की धरती से लिया जाना प्रदेश के लिए सौभाग्य की बात है। केंद्र और राज्य सरकार के द्वारा सिकल सैल उन्मूलन की दिशा में जाँच और जागरूकता के कार्य सघन स्तर पर किए जा रहे हैं। प्रदेश में अब तक 82 लाख लोगों की सिकलसेल स्क्रीनिंग पूर्ण हो गई है।

राज्यपाल श्री पटेल ने शहडोल ज़िले के सिकल सैल जाँच कार्यों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को सिकल सैल कार्ड वितरण का कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि सिकल सैल से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय, इस रोग के प्रति जागरूकता ही है। उन्होंने कहा कि शादी के पूर्व लड़का-लड़की सिकल सैल कार्ड का मिलान ज़रूर करें। उन्होंने कहा कि गर्भधारण के दौरान और जन्म के बाद भी बच्चे के सिकल सैल की जाँच ज़रूर कराएं।

राज्यपाल श्री पटेल ने सभी से आह्वान किया कि सिकल सैल की जाँच और जागरूकता हम सभी की सामूहिक ज़िम्मेदारी है। राज्यपाल श्री पटेल ने भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती पर उनका नमन किया और प्रदेश एवं देश के महान क्रांतिकारी, जनजातीय सपूतों का पुण्य स्मरण भी किया। उन्होंने जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा जबलपुर और छिंदवाड़ा के जनजातीय संग्रहालय के लोकार्पण के प्रति आभार ज्ञापित किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जल, जंगल और जमीन का अधिकार जनजातीय समाज का मूल अधिकार है। इसे अंग्रेज उनसे छीनना चाहते थे। भगवान बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों के अत्याचार, अनाचार के खिलाफ जनजातीय समाज को खड़ा किया और अंग्रेजों के खिलाफ दो स्तरों पर लड़ाई लड़ी। एक ओर उन्होंने जनजातीय समाज के मूल अधिकार की रक्षा की और दूसरी ओर ईसाई मिशनरियों द्वारा हमारे धर्म के साथ छेड़छाड़ कर हमारे जनजातीय भाइयों को ईसाई बनाने के कुत्सित प्रयासों को ध्वस्त किया। आज हम भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर उन्हें हृदय से स्मरण और नमन करते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास को देश के समक्ष लाने का अभियान चलाया है।

# राहुल गांधी के हेलिकॉप्टर को झारखंड के गोड्डा में रोका

**बोकारो/गोड्डा ( एजेंसी )।** झारखंड के गोड्डा में चुनावी सभा के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी का हेलिकॉप्टर डेढ़ घंटे तक रुका रहा।बताया जा रहा है कि एयर ट्रैफिक कंट्रोलसे गोड्डा के बेलबड्डा से हेलिकॉप्टर को उड़ान भरने की अनुमति नहीं मिली थी। पूरी घटना के दौरान राहुल गांधी हेलिकॉप्टर में ही बैठे रहे और मोबाइल देखते रहे। कांग्रेस ने इसकी शिकायत चुनाव आयोग से की है।




महगामा क्षेत्र से विधायक और कांग्रेस कैंडिडेट दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि हेलिकॉप्टर को सिर्फ इसलिए रोका गया कि प्रधानमंत्री देवघर में हैं। राहुल गांधी को उस क्षेत्र से गुजरने की अनुमति नहीं दी गई। प्रोटोकॉल है, जिसे हम समझते हैं लेकिन कांग्रेस ने 70 वर्षों तक देश पर शासन किया और किसी भी विपक्षी नेता के साथ ऐसी घटना कभी नहीं हुई। यह स्वीकार्य नहीं है। सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार के जमुई से सभा कर देवघर एयरपोर्ट आने वाले हैं, इस कारण राहुल के हेलिकॉप्टर को उड़ान भरने की अनुमति नहीं मिली थी। कांग्रेस नेता को गोड्डा से बोकारो के बेरमो जाना है, जहां उनकी चुनावी सभा है। हेलिपैड के आसपास राहुल गांधी की सुरक्षा में तैनात कर्मचारी भी खड़े हुए हैं। इससे पहले महगामा विधानसभा क्षेत्र में चुनावी सभा के दौरान राहुल गांधी ने कहा- मुंबई के धारावी की जमीन एक लाख करोड़ रुपए की है। इसको महाराष्ट्र सरकार और नरेंद्र मोदी, गौतम अडाणी को देना चाह रहे हैं। वहां हमारी सरकार थी, ऐसा नहीं हो पा रहा था तो उन्होंने सरकार गिरा दी।

# राजस्थान थप्पड़कांड-नरेश मीणा टोंक जेल में शिफ्ट

**टोंककुछ ( एजेंसी )।** राजस्थान के देवली-उनियारा (टोंक) में एसडीएम के थप्पड़कांड विवाद के बाद समरावता गांव में तीसरे दिन भी तनाव जारी है। घटना के बाद जिला कलेक्टर डॉ सौम्या झा का पहला बयान सामने आया है। इधर, नरेश मीणा को वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए निवाई कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें 14 दिन न्यायिक अभिरक्षा में भेजने का आदेश दिया। नरेश को शुक्रवार शाम कड़ी सुरक्षा के बीच टोंक जेल में शिफ्ट कर दिया। कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने जयपुर में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म से बात की। इस दौरान ग्रामीण भी मौजूद थे। किरोड़ी ने यहां कहा- चुनिंदा लोगों ने इस घटना को अंजाम दिया। यह टारगेटेड था। अपराधी कोई भी हो, किसी भी जाति का हो, किसी भी दल से जुड़ा हो।

# जमुई में पीएम के सामने नीतीश बोले-अब कहीं नहीं जाऊंगा

**जमुई ( एजेंसी )।** पीएम नरेंद्र मोदी तीन दिन में दूसरी बार बिहार आए। जमुई के बल्लोपुर में शुक्रवार को वो भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। पीएम ने बिरसा मुंडा के नाम पर 150 रुपए का सिक्का और 5 रुपए का स्मारक डाक टिकट जारी किया है। पीएम ने ये स्मारक सिक्का और डाक टिकट बिरसा मुंडा के वंशज को भेंट भी किया। इस दौरान पीएम ने 6,640 करोड़ रुपए से अधिक की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसके अलावा दो जनजातीय फ्रीडम फाइटर म्यूजियम और दो जनजातीय रिसर्च सेंटर का उद्घाटन भी किया। पीएम



ने बिरसा मुंडा के नाम पर चांदी का 150 रुपए का सिक्का जारी किया। सिक्के के एक तरफ बिरसा मुंडा की तस्वीर है। दूसरी तरफ अशोक स्तंभ और सत्यमेव जयते लिखा है। पीएम ने बिरसा मुंडा के नाम पर चांदी का 150 रुपए का सिक्का जारी किया। सिक्के के एक तरफ बिरसा मुंडा की तस्वीर है। दूसरी तरफ अशोक स्तंभ और सत्यमेव जयते लिखा है। नीतीश कुमार के बाद पीएम मोदी मंच पर पहुंचे। करीब 40 मिनट के भाषण में प्रधानमंत्री ने आदिवासियों पर फोकस किया। परिवारवाद और आदिवासियों की अनदेखी को लेकर पिछली सरकारों को घेरा। नीतीश कुमार की तारीफ भी की। पीएम मोदी ने कहा कि आदिवासी समाज वो है, जिसने राजकुमार राम को भगवान राम बनाया। आदिवासी समाज ने भारत की संस्कृति और आजादी की रक्षा के लिए, सैकड़ों सालों की लड़ाई को नेतृत्व दिया। आजादी के बाद के दशकों में आदिवासी इतिहास के योगदान को मिटाने के लिए कोशिश की गई।

# भारत ने पिनाक रॉकेट लॉन्चर का सफल परीक्षण किया

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** यह सिस्टम पूरी तरह से देश में ही बनाया गया है। यह सिस्टम केवल 44 सेकंड में 12 रॉकेट दाग सकता है, यानी हर 4 सेकेंड में एक रॉकेट। परीक्षण के दौरान इसकी मारक क्षमता, सटीकता और एक साथ कई लक्ष्यों पर हमला करने की ताकत को परखा गया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह परीक्षण तीन अलग-अलग जगहों पर किया गया। दो लॉन्चरों से कुल 24 रॉकेट दागे गए। ये सभी रॉकेट अपने लक्ष्य को सफलतापूर्वक भेदने में कामयाब रहे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस कामयाबी पर डीआरडीओ और सेना को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस नए सिस्टम के जुड़ने से हमारी सेना और मजबूत होगी। गाइडेड पिनाका सिस्टम को डीआरडीओ के वैज्ञानिकों ने तैयार किया है। इसे बनाने में कई कंपनियों ने भी योगदान दिया, जैसे म्यूनिशन्स इंडिया लिमिटेड और टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स। डीआरडीओ के प्रमुख समीर वी. कामत ने भी इस सफलता पर अपनी खुशी जताई और कहा कि यह सिस्टम अब सेना में शामिल होने के लिए तैयार है।

# केजरीवाल ने कांग्रेस के पूर्व विधायक वीर सिंह धींगान का आप में किया स्वागत

**नईदिल्ली ( एजेंसी )।** आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस के पूर्व नेता वीर सिंह धींगान को शुक्रवार को पार्टी में शामिल किया और उन्हें सीमापुरी विधानसभा क्षेत्र से भावी विधायक करार दिया। धींगान दलित नेता हैं और कांग्रेस के टिकट पर सीमापुरी (सुरक्षित) से तीन बार विधायक रह चुके हैं। आगामी चुनावों में वह आम आदमी पार्टी (आप) के टिकट पर अपनी किस्मत आजमा सकते हैं। केजरीवाल ने



पार्टी कार्यालय में धींगान का स्वागत करते हुए कहा कि वह एक अनुभवी नेता हैं और उन्हें सीमापुरी निर्वाचन क्षेत्र के भावी विधायक के रूप में देखा जा सकता है। इस निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व पहले आप के पूर्व मंत्री राजेंद्र पाल गौतम करते थे। गौतम ने आम आदमी पार्टी पर दलित और अल्पसंख्यक नेताओं के खिलाफ भेदभाव का आरोप लगाया था और वह सितंबर में पार्टी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए थे।

# हरियाणा-पंजाब में चंडीगढ़ पर तकरार बढ़ी

**चंडीगढ़ ( एजेंसी )।** चंडीगढ़ में हरियाणा का नया विधानसभा भवन बनाने को लेकर पंजाब और हरियाणा के सभी राजनीतिक दलों के नेता आमने-सामने हैं। आज पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने इस मुद्दे को लेकर पंजाब के राज्यपाल व चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया से मुलाकात की है। इस मुलाकात में उन्होंने राज्यपाल से कहा है कि चंडीगढ़ पंजाब का है। हम एक भी इंच जमीन हरियाणा को नहीं देंगे। वहीं, इस मामले में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि चंडीगढ़ पर हरियाणा का भी हक है। भगवंत मान गलत राजनीति से ऊपर उठकर काम करें। सीएम सैनी ने कहा है कि भगवंत मान पंजाब के लोगों के हित के लिए काम करें। बेवजह के मुद्दों पर लोगों का ध्यान न भटकाएं। पहले सतलुज-यमुना लिंग पर पंजाब के लोगों को गुमराह किया। अब भी वही कर रहे हैं। पंजाब हमारा बड़ा भाई है। वहां के किसान हरियाणा को पानी देना चाहते हैं। बता दें कि चंडीगढ़ में हरियाणा का नया विधानसभा भवन बनाने की मंजूरी केंद्र सरकार ने दे दी है, लेकिन भाजपा समेत पंजाब के सभी राजनीतिक दल इसका विरोध कर रहे हैं। इसके चलते हरियाणा और पंजाब के नेताओं में ठनी हुई है। आज पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया से मिलने के बाद पंजाब के वित्त मंत्री ने कहा कि चंडीगढ़ पंजाब की राजधानी है। ऐसे में हरियाणा को न तो चंडीगढ़ में विधानसभा बनाने का हक है और न ही अन्य इमारत। जिस तरह ईको सेंसिटिव जोन को हटा दिया गया है, वह उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि हम अपना मेमोरेंडम राज्यपाल को देकर आए हैं। उसमें उस एक्ट का भी हवाला दिया है, जब पंजाब और हरियाणा अलग हुए थे। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के साथ जो संत लोंगेवाला का समझौता हुआ था, उसमें भी साफ कहा गया था कि चंडीगढ़ पंजाब का है और पंजाब को ही मिलेगा।

# वायनाड लैंडस्लाइड- राष्ट्रीय आपदा घोषित करने से केंद्र का इनकार

**नई दिल्ली/वायनाड ( एजेंसी )।** केंद्र ने वायनाड लैंडस्लाइड को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने से इनकार कर दिया है। इसको लेकर 10 नवंबर को गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने केरल सरकार को लेटर लिखा। इसमें उन्होंने कहा कि एसडीआरएफ-एनडीआरएफ के मौजूदा दिशा-निर्देशों के तहत किसी भी आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने का कोई प्रावधान नहीं है। अगस्त में राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर वायनाड लैंडस्लाइड को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग की थी। इसके अलावा राहुल गांधी ने भी 7 अगस्त को लोकसभा में यही मांग की थी। दरअसल, वायनाड में 29 जुलाई की रात करीब 2 बजे और 4 बजे के बीच मुंडक्कई, चूरलमाला, अट्टामाला और नूलपुझा गांवों में लैंडस्लाइड हुए थे। इसमें 400 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी। प्रियंका बोलीं- भाजपा पीड़ितों के साथ अन्याय कर रही है कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वायनाड लैंडस्लाइड से



हुई तबाही के बावजूद भाजपा सरकार इसे राष्ट्रीय आपदा घोषित करने से इनकार कर रही है। यह केवल लापरवाही नहीं है, यह उन लोगों के साथ अन्याय है, जिन्होंने अकल्पनीय नुकसान झेला है। वायनाड के लोग इससे बेहतर के हकदार हैं। प्रियंका ने कहा कि पीएम मोदी ने त्रासदी के समय वायनाड का दौरा किया था और उन्होंने तबाही के असर को खुद देखा। फिर भी उनकी सरकार राजनीति कर रही है और सहायता रोक रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि हिमाचल प्रदेश के लोगों के साथ भी ऐसा ही किया गया, जब वे बहुत संकट में थे।

## संक्षिप्त समाचार



### लेह में मिलेगा पैरा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण

**लेह ( एजेंसी )।** लॉस एंजिलिस 2028 पैरालम्पिक से पहले खिलाड़ियों को जरुरी कौशल का प्रशिक्षण देने और उनका आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए अब उन्हें लेह में बनाये जाने वाले पैरा खेल केंद्र में प्रशिक्षण दिया जाएगा। लेह का ये केन्द्र विश्व में ऊंचाई पर बनने वाला पहला खेल केंद्र होगा। इसके लिए पर्वतीय विकास परिषद, लेह और आदित्य मेहता फाउंडेशन के बीच करार हुआ है। परिषद के मुख्य कार्यकारी काउंसिलर एडवोकेट ताशी ग्यालसन ने कहा, 'यह हमारे लिए काफी गर्व का पल है कि पैरा खेलों में विश्व का पहला सबसे अधिक ऊंचाई पर स्थित केंद्र लेह में बन रहा है। भारतीय पैरा खिलाड़ियो ने साल 2024 पेरिस पैरालम्पिक खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए 29 पदक जीते थे। जिससे पता चलता है कि हमारे देश में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। इस केंद्र में तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, नेत्रहीन फुटबॉल, बोकिया, केनोइंग, साइकिलिंग, घुड़सवारी, गोलबॉल, जूडो, पावरलिफ्टिंग, नौकायन, निशानेबाजी, वॉलीबॉल, तैराकी, टेबल टेनिस, ताइक्वांडो, ट्रायथलन, व्हीलचेयर बास्केटबॉल, व्हीलचेयर तलवारबाजी, व्हीलचेयर रग्बी, व्हीलचेयर टेनिस का अभ्यास खिलाड़ियों को कराया जाएगा।

### मैकस्वीनी को बुमराह से मुकाबले का इंतजार



**एडीलेड ( एजेंसी )।** ऑस्ट्रेलिया के युवा सलामी बल्लेबाज नाथन मैकस्वीनी ने कहा कि वह भारतीय टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का सामना करने के लिए तैयार हैं। मैकस्वीनी को भारत के साथ होने वाजी पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए उस्मान ख्वाजा के जोड़ीदार के तौर पर उतारा जाएगा। मैकस्वीनी को घरेलू क्रिकेट शेफील्ड शील्ड टूर्नामेंट और हाल ही में भारत ए के खिलाफ सीरीज में बेहतर प्रदर्शन के कारण टीम में जगह मिली है। मैकस्वीनी दक्षिणी ऑस्ट्रेलिया की ओर से खेलते हैं। वह 22 नवंबर से शुरू हो रहे पर्थ टेस्ट से अपना पदार्पण करेंगे। मैकस्वीनी ने कहा, 'बुमराह का एक्शन सबसे अलग है। वह विश्व के शीर्ष गेंदबाजों में से एक है, इसलिए मैं उनका सामना करने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। मैकस्वीनी ने कहा कि वह बुमराह और मोहम्मद सिराज की गेंदबाजी के वीडियो देखकर सीरीज के लिए मानसिक तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'एक नए गेंदबाज का सामना करना कठिन होता है क्योंकि केवल एक्शन देखकर उसकी तैयारी नहीं की जा सकती। मैकस्वीनी ने कहा कि पिछले एक महीने से मैं अच्छी बल्लेबाजी कर रहा जिससे मेरा मनोबल बढ़ा हुआ है।

# शेयर बाजार रही हल्की बढ़त, सेंसंस 300 अंक चढ़ा, निटी50 23,650 के पार




**मुंबई ( एजेंसी )।** वैश्विक बाजारों से मिलेजुले संकेतों की वजह से कारोबारी दिन भारतीय शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी 50 गुरुवार को हल्की बढ़त के साथ खुले। शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 106 अंकों की बढ़त के साथ 77,797 पर कारोबार करता दिखा, जबकि निफ्टी 50 में 26.55 अंकों की बढ़त देखी गई और यह 23,585 पर कारोबार करता नजर आया। प्री-ओपनिंग सेशन में गुरुवार को भारतीय बेंचमार्क इक्विटी इंडेक्स बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी 50 में गिरावट दर्ज की गई। प्री-ओपन में बीएसई सेंसेक्स 50 अंक गिरकर 77,643 पर आ गया, जबकि निफ्टी 50 16.90 अंक की गिरावट के साथ 23,542 पर कारोबार करता दिखा। भारतीय स्टॉक एक्सचेंज शुक्रवार को गुरु नानक जयंती के अवसर पर बंद रहेंगे। वहीं भारतीय शेयर बाजार में बुधवार को भी गिरावट जारी रही, जहां प्रमुख इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी भारी गिरावट के साथ बंद हुए। एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईसीआईसीआई बैंक जैसे हैवीवेट शेयरों में गिरावट और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली ने बाजार पर दबाव बनाए रखा। इसके साथ ही, रिटेल इन्फ्लेशन के 6 फीसदी के पार पहुंचने से निवेशकों के सेंटीमेंट पर नकारात्मक असर पड़ा है। बीएसई सेंसेक्स 78,495.53 अंक पर गिरावट के साथ खुला और कारोबार के दौरान 77,533.30 के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में सेंसेक्स 984.23 अंक की गिरावट के साथ 77,690.95 पर बंद हुआ। इसी प्रकार एनएसई का निफ्टी-50 इंडेक्स 352.55 अंक फिसलकर 23,530.90 पर बंद हुआ। निफ्टी की 50 में से 46 कंपनियों के शेयर लाल निशान में बंद हुए, जबकि सिर्फ 4 कंपनियों के शेयर हरे निशान में रह पाए। एशिया-पैसिफिक के मार्केट्स गुरुवार को ज्यादातर बढ़त में ट्रेड करते दिखे। इसका कारण अमेरिका के अक्टूबर महीने के महंगाई आंकड़े (सीपीआई) रहे, जो उम्मीद के मुताबिक आए हैं और इससे दिसंबर में फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में कटौती की उम्मीद बढ़ी है। बुधवार को सीपीआआई डेटा के बाद अमेरिकी बाजारों में मिली-जुली प्रतिक्रिया देखने को मिली। एसएंडपी 500 में 0.02 फीसदी की मामूली बढ़त हुई, और डॉव जोन्स 0.11 फीसदी बढ़कर बंद हुआ, जबकि नैस्डैक 0.26 फीसदी नीचे आ गया। महंगाई के इन आंकड़ों से फेडरल रिजर्व द्वारा अगले महीने ब्याज दर में कटौती की संभावना बढ़ गई है।

### रुपया एक पैसे टूटकर 84.40 प्रति डॉलर पर

विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी और निवेशकों की ओर से डॉलर की मजबूत मांग के कारण रुपया गुरुवार को शुरुआती कारोबार में एक पैसे टूटकर 84.40 प्रति डॉलर पर आ गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.40 प्रति डॉलर पर खुला जो पिछले बंद भाव के मुकाबले एक पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अपने सर्वकालिक निचले स्तर 84.39 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.18 प्रतिशत की बढ़त के साथ 106.66 पर रहा। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.46 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71.95 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) बुधवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 2,502.58 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

## सुनिल गावस्कर ने भारतीय टीम के कोचिंग स्टाफ पर उठाये सवाल



**मुम्बई ( एजेंसी )।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने बॉडर-गावस्कर सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया पहुंची भारतीय टीम के कोचिंग स्टाफ पर सवाल उठाये हैं। गावस्कर ने कहा है कि मुख्य कोच गौतम गंभीर को छोड़कर कोचिंग स्टाफ के किसी भी सदस्य को ऑस्ट्रेलिया दौरे का अनुभव नहीं है। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया में किसी प्रकार की उछाल होगी और उसका सामना कैसे करना है ये बताने का यह काम केवल एक व्यक्ति गंभीर ही कर सकते हैं। गावस्कर के अनुसार भारतीय कोचिंग स्टाफ में केवल गंभीर के पास ही ऑस्ट्रेलिया में खेलने का अनुभव है। वहीं स्टाफ के अन्य लोगों के पास तो टेस्ट मैच खेलने का ही अनुभव नहीं है। गावस्कर के अनुसार ऑस्ट्रेलिया में खिलाड़ियों को बहुत अच्छी तरह से सलाद दिये जाने की जरुरत है पर उनके बल्लेबाजी सहायक कोच अभिषेक नायर से अधिक अनुभवी तो गंभीर को है। ऐसे में उन्हें ही बताना होगा कि कैसे खेलना चाहिये। गंभीर ही बल्लेबाजों को सिखा सकते हैं कि कि किस तरह से बल्लेबाजी की जानी चाहिये। इसके साथ ही किस तरह का संयम दिखाना चाहिए जिससे कि टीम का प्रदर्शन बेहतर हो सके। गंभीर ने 2011-12 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 4 टेस्ट मैच खेले थे। उन्होंने इन मैचों की 8 पारियों में 22.62 की औसत से 181 रन बनाए। गंभीर इस सीरीज में सिर्फ एक बार 50 रन का आंकड़ा पार कर पाए और उनका सबसे अधिक स्कोर 83 रन रहा। इस प्रकार बची हुई सात पारियों में उन्होंने केवल 98 रन बनाये। वहीं जहां तक नायर का सवाल है तो उन्होंने केवल तीन एकदिवसीय मैच खेले हैं पर कोई टेस्ट मैच कभी नहीं खेला है।

## गौतम गंभीर के जवाब पर ज्यादा हैरानी नहीं हुई : रिकी पोंटिंग

**मेलबर्न ( एजेंसी )।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग और भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर के बीच आरोप-प्रत्यारोपों का दौर जारी है। सबसे पहले पोंटिंग ने विराट कोहली और रोहित शर्मा के फॉर्म पर सवाल उठाये थे। जिसके बाद गंभीर ने करारा जवाब देते हुए कहा था कि उन्हें हमारी नहीं अपनी टीम के खिलाड़ियों की चिन्ता करना चाहिये। साथ ही कहा कि मुझे विराट और रोहित के बारे में कोई चिंता नहीं है क्योंकि वह विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं। इसी को लेकर अब पोंटिंग ने कहा, मैं उनकी प्रतिक्रिया देखकर हैरान था पर मैं जितना जानता हूं उसके अनुसार गंभीर चिड़चिड़े स्वभाव के हैं, इसलिए मुझे उनकी बात पर बुरा नहीं लगा।पोंटिंग ने आगे कहा, मेरा उन पर कोई निजी हमला नहीं किया था। मैंने इतना ही कहा कि उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में अच्छा प्रदर्शन किया है और वह यहां वापसी करना चाहेंगे। अगर आप विराट से पूछेंगे, तो



मुझे भरोस है कि वह थोड़ा परेशान होंगे कि वह पिछले वर्षों की तरह शतक नहीं बना पाए हैं। भारतीय टीम 22 नवंबर से पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहला टेस्ट मैच खेलेगा।

## अफगान महिलाओं की क्रिकेट में वापसी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** ऑस्ट्रेलिया में रिफूजी बन कर रहे रहीं अफगानिस्तान महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ियों को आखिरकार एक साथ खेलने का मौका मिलेगा। जनवरी 2025 में मेलबर्न में एक प्रदर्शनी मैच का आयोजन किया जाएगा। 30 जनवरी को जंक्शन ओवल में एक टी20 मैच में अफगानिस्तान की महिला एक्सआई का सामना क्रिकेट विदाउट बॉर्डर्स ङ्खह्व से होगा। ये मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में महिलाओं के डे-नाइट एशेज टेस्ट के साथ होगा। महिला एशेज टेस्ट ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की टीम के बीच 30 जनवरी से 2 फरवरी तक खेला जाना है। ये पहला मौका



होगा जब तालिबान का कब्जा होने पर अफगानिस्तान छोड़ने के बाद महिला टीम मैदान पर एक साथ नजर आएगी। अफगानिस्तान पर तालिबान का शासन होने के बाद से वहां की महिलाएं क्रिकेट खेलने के अधिकार से वंचित हो गई हैं। इस संबंध में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी निक हॉकले की ओर से शुक्रवार को बयान जारी किया गया। बयान के हवाले से ऑस्ट्रेलिया में शरण लेने के बाद से क्रिकेट और समुदाय के कई लोग अफगानिस्तान की महिला टीम के सदस्यों को समर्थन देने के लिए एक साथ आई हैं और ये मैच उनके प्रयासों का जश्न होगा। ऑस्ट्रेलियाई सरकार अफगानिस्तान की महिला टीम की खिलाड़ियों के लिए अवसर बनाने में शामिल रही है। अफगानिस्तान की महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी 2021 में तालिबान के सत्ता में आने के बाद से कैनबरा और मेलबर्न में रहती हैं। अफगानिस्तान में महिलाओं के खेले खेलने पर तालिबान के प्रतिबंध का हवाला देते हुए ऑस्ट्रेलिया पुरुष टीम ने 2021 में आयोजित होने वाले एकमात्र टेस्ट को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया था।

## शादियों के सीजन में सोना-चांदी की कीमतों में गिरावट

### सोने के भाव 73,850 रुपए, चांदी 88,000 रुपए के करीब



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सोने-चांदी के वायदा भाव में गुरुवार को सुस्ती देखी जा रही है। गुरुवार को दोनों के वायदा भाव गिरावट के साथ खुले। सोने के वायदा भाव 73,850 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 88,000 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। वैश्विक बाजार में भी सोने-चांदी की वायदा कीमतों में गिरावट देखने को मिल रही है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत सुस्ती के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रेक्ट 487 रुपये की गिरावट के साथ 73,995 रुपये के भाव पर खुला।

इस समय यह 615 रुपये की गिरावट के साथ 73,867 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 73,996 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 73,840 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने इस साल 79,775 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी नरम रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रेक्ट 197 रुपये की गिरावट के साथ 89,000 रुपये पर खुला। इस समय यह 1,191 रुपये की गिरावट के साथ 88,006 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 89,000 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 88,003 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। इस साल चांदी के वायदा भाव ने 1,00081 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। वैश्विक बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव में गिरावट देखने को मिल रही है। कॉमेक्स पर सोना 2,578.10 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,586.50 डॉलर प्रति औंस था। इस खबर लिखे जाने के समय यह 21.30 डॉलर की गिरावट के साथ 2,565.20 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 30.41 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 30.66 डॉलर था। इस समय यह 0.44 डॉलर की गिरावट के साथ 30.22 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

## इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला के बाद क्रिकेट से विदा लेंगे साउदी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** न्यूजीलैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउदी इंग्लैंड के खिलाफ दिसंबर में घरेलू टेस्ट श्रृंखला के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से विदा लेंगे। न्यूजीलैंड के लिये सर्वाधिक टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में रिचर्ड हैडली (385) के बाद दूसरे स्थान पर काबिज साउदी ने कहा कि हैमिल्टन में घरेलू मैदान पर तीसरा टेस्ट उनका आखिरी होगा। भारत दौरे पर 3 . 0 से मिली जीत से पहले साउदी ने टॉम लैथम को टेस्ट कप्तानी सौंप दी थी। उन्होंने न्यूजीलैंड के लिये सौ से अधिक टेस्ट, 161 वनडे और 126 टी20 मैच खेले हैं। उन्होंने कहा ,'' मैने बचपन से हमेशा न्यूजीलैंड के लिये खेलने का




सपना देखा था।'' उन्होंने कहा ,'' 18 साल तक न्यूजीलैंड के लिये खेलना फख्र की बात रही लेकिन अब आगे बढने का समय है। यह शानदार सफर रहा और मैं इसमें कोई बदलाव नहीं चाहूंगा।'' इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला 28 नवंबर से क्राइस्टचर्च में शुरू होगा। दूसरा टेस्ट वेलिंगटन में छह दिसंबर से और तीसरा हैमिल्टन में 14 दिसंबर से खेला जायेगा।

## नाथन लियोन को आर अश्विन से बेहतर मानते हैं पॉल एडम्स



**जोसंबर्ग ( एजेंसी )।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व गेंदबाज पॉल एडम्स ने बॉर्डर गावस्कर टेस्ट सीरीज से ठीक पहले ऑस्ट्रेलियाइई स्पिनर नाथन लियोन की जमकर प्रशंसा की है। एडम्स ने कहा कि लियोन भारतीय स्पिनर आर अश्विन से कहीं बेहतर हैं। उन्होंने कहा कि लियोन अश्विन की तुलना में अधिक संपूर्ण गेंदबाज हैं। उन्होंने कहा कि लियोन भारत के खिलाफ सीरीज में अहम भूमिका निभा सकते हैं। अभी 530 टेस्ट विकेट के साथ लियोन और 536 विकेट के साथ अश्विन विश्व के दो सबसे बेहतर स्पिनर माने जाते हैं पर उनका कहना है कि लियोन विश्वभर की पिचों पर बल्लेबाजों को परेशान करने में अधिक कुशल साबित हुए हैं। इसलिए मुझे लगता है कि उपमहाद्वीप और ऑस्ट्रेलिया या दक्षिण अफ्रीका में प्रतिस्पर्धा करने के मामले में लियोन के पास अश्विन की तुलना में अधिक विविधता हैं। एडम्स ने माना कि अश्विन के पास एक कैरम बॉल है जो गेंद को विपरीत दिशाओं में घुमा सकती है पर कहा कि लियोन ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने बहुत अधिक ओवर-स्पिन के साथ गेंदबाजी की है। इससे बल्लेबाजों के लिए खेलना कठिन हो जाता है। साथ ही कहा कि तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के नहीं होने से भी इस सीरीज में भारतीय टीम के अन्य गेंदबाजों पर अधिक दबाव रहेगा।

## आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करके भारतीय टी20 टीम में वापसी करना चाहते हैं-के राहुल

**पर्थ ( एजेंसी )।** पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म में चल रहे केएल राहुल भारत की तरफ से क्रिकेट के तीनों प्रारूप में खेलना चाहते हैं उनका लक्ष्य इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अच्छा प्रदर्शन करके राष्ट्रीय टी20 टीम में वापसी करना है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा अगर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला के पहले मैच में नहीं खेल पाते हैं तो राहुल को पारी की शुरुआत करने का मौका मिल सकता है। भारतीय टीम के लिए राहुल की खराब फॉर्म चिंता का विषय बनी हुई है लेकिन यह 32 वर्षीय बल्लेबाज इसको लेकर चिंतित नहीं है।

राहुल ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा,''मेरा लक्ष्य निश्चित तौर




पर टी20 टीम में वापसी करना है। मैं तीनों प्रारूप में खेलना चाहता हूं और इतने वर्षों में इसमें कोई बदलाव नहीं हुआ है। मैं भारत के लिए तीनों प्रारूप में खेलना चाहता हूं जैसा कि कई वर्षों से कर रहा हूं।'' उन्होंने कहा,''मैं पिछले कुछ समय से टी20 टीम से बाहर हूं तथा मैं जानता हूं कि एक खिलाड़ी के रूप में मैं अभी किस स्तर पर हूं और मुझे वापसी करने के लिए क्या करना है। इसके लिए मैं आईपीएल के नए सत्र का इंतजार कर रहा हूं।'' राहुल ने 2022 से लेकर अब तक 12 टेस्ट मैच की 21 पारियों में केवल 514 रन बनाए और उनका औसत 25.7 रहा। इस बल्लेबाज ने हालांकि कहा कि वह व्यक्तिगत रिकॉर्ड की बजाय टीम को प्राथमिकता देते हैं। उन्होंने कहा,''खिलाड़ी होने के नाते हम सभी स्वच्छंद होकर खेलना चाहते हैं। मैं जिस तरह से बल्लेबाजी करता हूं उसका मैं पूरा आनंद लेता हूं। लेकिन मेरे लिए हमेशा टीम पहली प्राथमिकता रही है। यह मायने नहीं रखता कि मैं क्या कर रहा हूं और मेरा नैसर्गिक खेल क्या है।'' राहुल ने कहा,''हमारा खेल टीम से जुड़ा है। अगर मैं टेनिस खेलता तो स्थिति अलग होती और तब मैं कह सकता था कि यह मेरा नैसर्गिक खेल है।लेकिन टीम खेल में यह पूरी तरह से भिन्न होता है।

# राम जन्मभूमि मंदिर अयोध्या के लिए तिरूपति से रवाना रथयात्रा पहुंची रीवा

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** राम जन्मभूमि मंदिर अयोध्या में राम महायंत्र (108 किलो गोल्ड प्लेटेड) की स्थापना की जाएगी। इस महायंत्र को विशाल रथयात्रा द्वारा तिरूपति से अयोध्या पहुंचाया जा रहा है। तिरूपति से रवाना हुई रथयात्रा 15 नवम्बर को रीवा पहुंची। रथयात्रा का चोरहटा बायपास गुरूकुल स्कूल मोड़ में भव्य स्वागत किया गया। ढेकहा तिराहा, जयस्तंभ, स्टेच्यू चौराहा, अस्पताल चौराहा मार्ग में रथयात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। रथयात्रा का आज रीवा में विश्राम होगा। रथयात्रा 16 नवम्बर को प्रातः 10 बजे प्रयागराज के लिये प्रस्थान करेगी।



**जगह-जगह हुआ पुष्पवर्षा से स्वागत**



## जनजातीय समूह के परीक्षण के लिये केन्द्र का किया शुभारंभ



### रक्तजनित विकारों के अनुसंधान, जांच व चिकित्सकीय परीक्षण के लिये स्थापित केन्द्र

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती के अवसर पर गांधी स्मारक चिकित्सालय रीवा में जनजातीय समूह के लोगों में रक्तजनित विकारों के अनुसंधान, जांच व चिकित्सकीय परीक्षण के लिए स्थापित केन्द्र का शुभारंभ किया। प्रदेश का यह पहला शासकीय केन्द्र नागरिकों में विशेषकर जनजातीय समूह के लोगों में रक्तजनित वंशानुगत विकारों के संबंध में अध्ययन करेगा तथा उसमें नैदानिक चिकित्सकीय प्रक्रियाओं में सहयोग प्रदान करेगा। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती के अवसर पर स्थापित सेन्टर ऑफ एक्सिलेंस केन्द्र जनजातीय समुदाय के व्यक्तियों में रक्तजनित बीमारियों की जांच में मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर डीन मेडिकल कालेज डॉ. सुनील अग्रवाल, अधीक्षक डॉ. राहुल मिश्रा, डॉ. एचपी सिंह, डॉ. यत्नेश त्रिपाठी, समाजसेवी राजेश पाण्डेय सहित चिकित्सक उपस्थित रहे।

## गुढ़ बाईपास के पास नफीस ट्रेवल की बस अनियंत्रित होकर पलटी



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** नेशनल हाईवे क्रमांक 39 पर रीवा-सीधी रोड में गुढ़ बाईपास के पास शुक्रवार सुबह नफीस ट्रेवल की बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के दौरान बस में करीब 30 लोग सवार थे, जिसमें से करीब दर्जनभर लोगों को चोटें आई हैं। वहीं घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। बताया जा रहा है कि बस सूरत से रीवा होकर सीधी की ओर जा रही थी। बस जैसे ही गुढ़ बाईपास के समीप पहुंची तभी चालक बस से नियंत्रण खो बैठा और बस अनियंत्रित होकर खेत में जा कर पलट गई।

## आप पार्टी के नेता ने दोस्तों के साथ मिलकर युवती का किया अपहरण

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** आम आदमी पार्टी के नेता द्वारा दोस्तों के साथ मिलकर युवती का अपहरण किए जाने का मामला सामने आया है। एक तरफा प्यार में आप नेता ने युवती पर शादी का दबाव बनाने के लिए पहले कार से अपहरण किया फिर एक कमरे में ले जाकर रस्सी से उसके हाथ और पैर बांध दिए और फिर मुंह में कपड़ा ठूस कर उसे बंधक बना लिया। करीब तीन घंटे तक आरोपियों के चंगुल में रही युवती किसी तरह से खुद को बचाकर वहां से भागी और घर पहुंचकर परिजनों को घटना से अवगत कराया। जिसके बाद थाने में हुई शिकायत पर पुलिस हरकत में आई और वारदात में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपियों में 'आप' पार्टी से विधानसभा प्रत्याशी रहा गौरव वर्मा शामिल है, जो वारदात का मुख्य आरोपी बताया जा रहा है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त कार, रस्सी, टेप, काला कपड़ा और चाकू बरामद किया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर सभी को जेल भेज दिया गया है।

## पिकनिक मनाने गईं चार छात्राएं हुईं हादसे का शिकार, एक की मौत

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** पिकनिक मनाने गईं चार छात्राएं सड़क हादसे का शिकार हो गईं। जिसमें से एक छात्रा की मौत हो गई। हादसा गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र में हुआ। जहां स्कूल से बंक मारकर छात्राएं ई-रिक्शा से पिकनिक मनाने खंधो गई हुई थी। जहां से वापस लौटते समय ई-रिक्शा पलटने से छात्राएं हादसे का शिकार हो गईं। घायल छात्राओं को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां दुर्गा कोरी नाम की छात्रा की उपचार के दौरान मौत हो गई। छात्राएं रीवा शहर के एसके स्कूल में पढ़ने वाली कक्षा 11वीं की हैं। घटना के दौरान छात्राओं के साथ ई रिक्शा में दो युवक भी सवार थे। जो घटना के बाद से फरार हैं। गोविंदगढ़ थाना पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

## हाइवा चालक ने नशे में धुत होकर कार सवार को मारी टक्कर

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा में देर रात एक हाइवा चालक ने शराब के नशे में धुत होकर कार सवार को टीआरएस कॉलेज चौराहे में टक्कर मार दी। जब पीछा कर कार चालक ने डंपर को रोकने का प्रयास किया तो कई बार वो टक्कर मारकर भागने की कोशिश करता रहा। वहीं दूसरी ओर कार चालक भी लगातार उसे रोकने की कोशिश करता रहा। बड़ी मशक्कत के बाद समान थाना क्षेत्र के इंदिरानगर मोड़ के पास डंपर चालक को रोका गया। इस बीच कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

## पड़रा मोहल्ले में कार एसेसरीज की दुकान में लाखों की चोरी

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में पड़रा मोहल्ले में एक कार एसेसरीज की दुकान में लाखों की चोरी की घटना सामने आई है। सूचना पर सिविल लाइन पुलिस व साइबर टीम दुकान पर पहुंची और मामले की जांच की जा रही है। साइबर टीम के द्वारा दुकान से फिंगरप्रिंट लिया गया है। बताया जा रहा है कि रात में अज्ञात चोर रस्सी के सहारे छत पर चढ़े और छत का दरवाजा तोड़कर दुकान के अंदर दाखिल हुए। दुकान में कार में लगने वाले म्यूजिक सिस्टम व अन्य कई सामानो को चोरों ने पार कर दिया।

## आदर्श विज्ञान महाविद्यालय में 20नवम्बर को रोजगार मेला

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** आदर्श विज्ञान महाविद्यालय में 20 नवम्बर को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा जिसमें जिले के युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों द्वारा आयु सीमा 18 से 48 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है। आयु सीमा विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग होगी। वेतन एवं भत्ता 6000 रुपए से 25 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 8 कंपनियों एवं नियोजकों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा।

**खनिज, आरटीओ और थानों के नाम पर निजी व्यक्तियों द्वारा किया जा रहा एंट्री वसूली का काम**

# सरकार के नौकरों से नहीं संभल पा रही व्यवस्था

## अवैध कमाई के लिए प्रायवेट दलालों को बनाया हिस्सेदार

### हाईवा वाहनों से एक थाने का 2000 तो खनिज और आरटीओ के नाम से हो रही 3 हजार रुपए की अवैध वसूली



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिले में लगातार बढ़ रहे अपराध और सरकारी महकमे की लापरवाही सहित सरकारी नौकरों की अफसरशाही चरम पर है जिसके कारण प्रत्येक विभागों के अधिकारी और कर्मचारी अपने-अपने कार्यों के प्रति सजगता और जिम्मेदारी का निर्वाहन करने से बचने का प्रयास करते रहते हैं। यही वजह है कि इन दिनों अवैध कमाई करने वाले अफसर भी सुस्ती के साथ अपने दफ्तर के एसी कमरों में बैठकर दूसरों के द्वारा लाई हुई मलाई चाटते हुए दिखाई देते हैं तथा सरकारी काम काज को भी विभागों के जिम्मेदार ठंडे बस्ते पर डालकर चैन की निद्रा में लीन रहते हैं।

मध्य प्रदेश शासन का टैग लिए रीवा में घूम रहे कुछ अफसरों का भी लगातार यही रवैया सामने आ रहा है जिसके चलते उनका भी काम निजी व्यक्तियों के द्वारा किया जा रहा हालांकि यह कहना उचित नहीं होगा कि सरकारी अफसर अवैध कमाई की रोटी खाने के लिए अपने काम से मुंह मोड़ रहे हैं बल्कि इसमें तो सरकारी महकमे की तारीफ ही करनी चाहिए कि उन्होंने गलत काम के लिए अपना हाथ गंदा करने की बजाय अलग से निजी व्यक्तियों को पालने की कोशिश कर ली जिससे वह मात्र अपनी हिस्सेदारी ही लेते हैं।

दरअसल हम बात कर रहे हैं मध्य प्रदेश शासन के अधीनस्थ आरटीओ, खनिज और पुलिस विभाग की जिसके अफसर वैसे तो अपना कोई भी काम ईमानदारी पूर्वक नहीं करते हैं मगर यह समस्त विभाग अपने लिए अवैध कमाई करने वाले एजेंटों का सही चयन कर लिया है जो इनके नाम से हाईवा वाहनों से एंट्री वसूली करते हैं और महीना पूरा होने के बाद पूरा का पूरा पैसा अपने हिस्से को काटकर विभागों में जमा करा देते हैं जिससे सरकार के इन नौकरों के हाथ में गंदगी भी नहीं लगती और उनकी अवैध कमाई भी हो जाती है।

बताया जा रहा है कि रीवा शहर में प्रायवेट दलालों का एक ऐसा ही समूह लगातार विचरण कर रहा है जो आरटीओ विभाग, खनिज विभाग तथा पुलिस विभाग के प्रत्येक थानों का जिम्मा ले रखा है एंट्री वसूली का जिससे इन तमाम सरकारी नौकरों तक एंट्री की राशि पहुंचा दी जाती है और जिलेभर में अवैध वाहनों का संचालन होता है जो बिना टीपी के जिलेभर में ओवरलोड होकर घूमते रहते हैं तथा इन प्रायवेट दलालों को एंट्री वसूली की राशि देने के बाद कोई भी विभाग इन वाहनों को छूने का प्रयास तक नहीं करता है।

जानकारी के मुताबिक महेंद्र गुप्ता और लाला टैक्सी नाम के यह प्रायवेट दलाल हाईवा वाहनों के मालिकों से डायरेक्ट संबंध रखते हैं तथा सरकारी विभागों को भी समय समय पर उनका हिस्सा दे देते हैं जिसकी वजह से उनका रोजगार लगातार फल फूल रहा है और इन्हें कोई रोकने टोकने वाला भी नहीं है

## जनजातीय गौरव दिवस का हुआ आयोजन



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जन्म जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में बिहार में आयोजित समारोह का जिला स्तरीय कार्यक्रम के साथ-साथ जनपद व ग्राम पंचायत स्तर पर वर्चुअल प्रसारण देखा व सुना गया।

कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति ने कहा कि भगवान बिरसा मुण्डा का जीवन हमारे लिए मार्गदर्शक है। जनजातीय भाईयों ने अपनी प्राचीन संस्कृति व परंपरा को जीवित रखा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार द्वारा जनजातीय वर्ग के लोगों के उत्थान के लिए सभी कार्य प्राथमिकता से किये जा रहे हैं। योजनाओं का लाभ दिलाकर इन्हें विकास की मुख्य धारा से जोड़ा गया है। जनजातीय गौरव दिवस आज पूरे भारत वर्ष में मनाया जा रहा है जिसमें भारत के वीर स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुण्डा को श्रद्धा पूर्वक याद किया जा रहा है। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष गंगेव विकास तिवारी, अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय, डिप्टी कमिश्नर बालेन्दु पाण्डेय, क्षेत्र संयोजक रूचि तिवारी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि तथा जनजातीय समुदाय के व्यक्ति उपस्थित रहे।

### वन भूमि के लंबित व भूमि विवाद प्रकरणों की समीक्षा बैठक 18 को

**रीवा।** कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद की अध्यक्षता में वन भूमि के लंबित व भूमि विवाद के प्रकरणों की समीक्षा बैठक 18 नवम्बर को प्रातः 11 बजे से आयोजित की गयी है। कमिश्नर कार्यालय में आयोजित बैठक में संबंधितों को बैठक में उपस्थिति के निर्देश दिये गये हैं।

### जिला जल स्वच्छता मिशन की बैठक 18 को

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक 18 नवम्बर को टीएल बैठक के उपरांत आयोजित की गयी है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सपना त्रिपाठी ने संबंधितों को बैठक में उपस्थिति के निर्देश दिये हैं।

## कलेक्टर ने बाल संम्प्रेक्षण गृह का किया आकस्मिक निरीक्षण, व्यवस्थायें दुरुस्त रखने के दिये निर्देश



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने बाल संम्प्रेक्षण गृह का आकस्मिक निरीक्षण किया तथा सुरक्षा सहित अन्य सभी व्यवस्थायें दुरूस्त रखने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने बाउंड्रीबाल की ऊचाई 8 फिट करने तथा उसके ऊपर कटीली तार लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बाहर की तरफ खुलने वाले रोशनदान बंद कर इन्हें भवन के अंदर बरामदे में खोले। कलेक्टर ने बाल संम्प्रेक्षण गृह में बच्चों के शयन कक्ष तथा किचेन का अवलोकन किया तथा व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि एक अतिरिक्त रसोईये की तत्काल नियुक्ति करें।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने प्रभारी बाल संम्प्रेक्षण गृह को निर्देशित किया कि बच्चों के लिए इनडोर खेल-कूद की व्यवस्थायें करायें। उन्होंने जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि खेल-कूद की आवश्यक सामग्री तत्काल उपलब्ध करायें। कलेक्टर ने कहा कि बच्चों के कौशल प्रशिक्षण के लिए टूल किट व अन्य जरूरी उपकरण क्रय करें ताकि आईटीआई के समन्वय से आगामी सोमवार से प्रशिक्षण का कार्यक्रम शुरू कराया जा सके और रूचि के अनुरूप बच्चे प्रशिक्षण प्राप्त कर सकें। उन्होंने निर्देश दिये कि रोस्टर बनाकर सप्ताह में चार दिन गायत्री परिवार, नशामुक्ति एवं ब्राम्हकुमारी संस्थान के सहयोग से ध्यानयोग के सत्र आयोजित किये जाय। उन्होंने कहा कि बाल संम्प्रेक्षण गृह में नियमित गतिविधियों का संचालन होता रहे। बच्चों के लिए खेल-कूद व उनकी रूचि के अनुरूप अन्य गतिविधियाँ संचालित की जाय। कलेक्टर ने बाल संम्प्रेक्षण गृह में सुरक्षा के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस/होमगार्ड के जवान नियुक्त करने के भी निर्देश दिये। कलेक्टर ने भ्रमण के दौरान बाल संम्प्रेक्षण गृह के बच्चों से संवाद करते हुए उनकी पढ़ने, खेलने तथा अन्य गतिविधियों की रूचि के बारे में भी जानकारी ली तथा अच्छा नागरिक बनने की शुभकामनाएँ दी। इस दौरान जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी प्रतिभा पाण्डेय, कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी मनोज द्विवेदी, जिला होमगार्ड अधिकारी सहित पुलिस के अधिकारी उपस्थित रहे।

## पीएम इंटर्नशिप योजना के तहत सिंगरौली जिले में युवाओं के लिए अवसर

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** पीएम इंटर्नशिप योजना के तहत सिंगरौली जिले में युवाओं के लिए 777 अवसर उपलब्ध कराये जा रहे हैं। एनटीपीसी, एनसीएल, हिन्डाल्को, पावरग्रिड, रिलायंस, टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड आदि कंपनियों में 10वीं के लिए 7, आईटीआई के लिए 568, डिप्लोमा में 167 तथा स्नातक में 135 युवक-युवतियों को अवसर दिया जा रहा है। आवेदक की आयु 21 से 24 वर्ष होनी चाहिए तथा वह 10वीं, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक उत्तीर्ण हो जो पूर्ण कालिक शिक्षा व रोजगार में न हो। इंटर्नशिप की अवधि एक वर्ष है। स्टायपेंड के रूप में 5 हजार से 6 हजार रूपये अनुदान राशि दी जायेगी। इस संबंध में अधिक जानकारी मोबाइल नंबर 7999081511 पर प्राप्त की जा सकती है। भारत सरकार की पीएम इंटर्नशिप वेबसाइट में पंजीयन कराकर युवा अवसर का लाभ ले सकता है।

## प्रत्येक गांव में किया गया बी-1 का वाचन, सीमांकन व नक्शा तरमीम किया गया



### राजस्व महाअभियान का हुआ शुभारंभ

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** शासन के निर्देशों के अनुसार 15 नवम्बर से 15 दिसम्बर तक राजस्व महाअभियान-3 चलाया जा रहा है। कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देशन में राजस्व महाअभियान का आज शुभारंभ हुआ। प्रत्येक गांव में बी-1 का वाचन किया गया। इस अभियान के तहत नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेखों में सुधार तथा नक्शा तरमीम के प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। अभियान के दौरान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, स्वामित्व योजना तथा अन्य राजस्व कार्यों के प्रकरणों का भी निराकरण होगा। अभियान के दौरान कलेक्टर, अपर कलेक्टर तथा एसडीएम राजस्व न्यायालयों का निरीक्षण करेंगे तथा निर्धारित सभी बिन्दुओं पर कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। सभी जनप्रतिनिधियों को भी अभियान में जोड़ा गया है।

राजस्व महाअभियान के प्रथम दिवस में ग्राम अमहा, ग्राम पंचायत बेला, ग्राम पंचायत सर, बावनगढ़, सूरा, ग्राम सकरवट, ग्राम पंचायत खाम्हा, ग्राम बौना-56, ग्राम टगहा, ग्राम पिपरी में सहित ग्रामों में बी-1 का वाचन किया गया। इसी क्रम में त्योंथर तहसील के ग्राम रायपुर में सीमांकन किया गया तथा तहसील मनगवां के ग्राम नदना में राजस्व दल द्वारा नक्शा तरमीम के लिए मौके पर निरीक्षण किया गया।

अभियान के दौरान नक्शा तरमीम के प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष प्रयास किया जायेगा। साथ ही नक्शा तरमीम, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के शेष प्रकरणों में आधार सीडिंग एवं स्वामित्व योजना में पात्र हितग्राहियों को आवासीय पट्टे जारी करने की कार्यवाही भी किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। अभियान के दौरान अभिलेखों में सुधार, खसरे के अनुसार नक्शे में बटांकन दर्ज करने के प्रकरण निराकृत किये जायेंगे। अभियान के दौरान प्रत्येक भू स्वामी के खसरे नम्बर से आधार संख्या की सीडिंग कराई जायेगी। किसान पोर्टल पर स्वयं आधार सीडिंग कर सकता है। इसका सत्यापन पटवारी से कराएं। बी-1 के वाचन से प्राप्त फौती नामांतरण के प्रकरण दर्ज कर उनका अभियान के दौरान निराकरण किये जाने के निर्देश दिये गये है।

## उप संचालक कृषि ने कृषकों को नरवाई न जलाने की दी हिदायत



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि यूपी बागरी ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान कृषकों को नरवाई न जलाने की हिदायत दी। ग्राम बीड़ा में कृषक साधू रजक द्वारा कटाई के उपरांत खेत में आग लगा दी गयी थी। उप संचालक कृषि द्वारा कृषक को आग न लगाने एवं उचित प्रबंधन की समझाइश दी गयी। उन्होंने समझाया की सुपर सीडर, रोटावेटर आदि से फसल अवशेष का प्रबंधन करें। इसी प्रकार बीड़ा ग्राम के हीकृषक आदर्श सिंह के खेत में फसल अवशेष पर मयंक कुमार कोल द्वारा आग लगायी जा रही थी। उप संचालक ने अनुशानात्मक कार्यवाही की समझाइश दी तथा भविष्य में आग न लगाने तथा फसल अवशेषों के प्रबंधन के बारे में बताया।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक/प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया ऑडीटर पब्लिकेशन प्रा.लिमि. राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से प्रकाशित, **संपादक संदीप द्विवेदी**, आर.एन.आई नं. 69082/97, डाक पंजीयन क्र.- म. प्र./ रीवा संभाग/ 46/2023-2025, प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9589645803, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।